आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 325 ● जबलपुर ● गुरुवार, 29 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## कई देशों में ट्विटर डाउन नोटिफिकेशन देखने और लॉग इन करने में परेशानी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कई देशों में गुरुवार की सुबह से ट्विटर डाउन है। डाउनडिटेक्टर की वेबसाइट के मुताबिक, अमेरिका में 10 हजार से ज्यादा यूजर्स ने इस प्रॉब्लम को रिपोर्ट किया है। यूजर्स की शिकायत है कि उनके नोटिफिकेशन काम नहीं कर रहे हैं।भारत में भी कई यूजर्स ट्विटर की वेबसाइट पर जाकर लॉग इन नहीं कर पा रहे हैं।

## चंदा कोचर के बेटे की हाईप्रोफाइल शादी कैंसिल

**जैसलमेर,एजेंसी।** ICICI बैंक की पूर्व स्ष्ठ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी के बाद उनके बेटे की शादी कैंसिल हो गई है। जानकारी के अनुसार कोचर दंपती के बेटे अर्जुन की शादी के फंक्शन 15 से 18 जनवरी को जैसलमेर के दो सबसे महंगे होटल में होने थे। इन होटलों से जुड़े मैनेजमेंट के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है। उनका कहना है कि मुंबई की जिस इवेंट कंपनी को इस शादी के लिए हायर किया था(



## फ्लाइट के अंदर यात्रियों के बीच मारपीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थाई स्माइल एयरवेज की एक उड़ान में यात्रियों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फ्लाइट बैंकॉक से भारत आ रही थी। वीडियो 27 दिसंबर 2022 का बताया जा रहा है। पूरी घटना को एक यात्री ने अपने फोन से शूट किया है।51 सेकेंड की इस क्लिप में दो लोगों को आपस में बहस करते देखा जा सकता है। इसी बीच एक फ्लाइट अटेंडेंट स्थिति को शांत करने की कोशिश करती है। हालांकि, पहला व्यक्ति अपना चश्मा उतारता है और दूसरे व्यक्ति को थप्पड़ मारना शुरू कर देता है। देखते ही देखते उसके दोस्त भी विवाद में शामिल हो जाते हैं। इस दौरान दूसरा व्यक्ति सिर्फ बचने की कोशिश करता है।इसके बाद 4-5 लोग इकट्ठा होकर शख्स को घेर लेते हैं। इनमें से एक व्यक्ति शख्स के बाल पकड़कर उसे थप्पड़ मारता है। फ्लाइट अटेंडेंट दोनों को अलग करने की कोशिश करती है, लेकिन कामयाब नहीं हो पाती।दोनों यात्रियों को क्रू मेंबर्स ने समझाया भी, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

**बैंकॉक से भारत आ रहा था विमान; बहस से हाथापाई तक पहुंची बात**

### शादी पर पहली बार बोले राहुल गांधी

## मैं ऐसी महिला चाहूंगा, जिसमें मेरी मां और दादी... दोनों के गुण हों

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने शादी के सवाल पर पहली बार चुप्पी तोड़ी। उनसे सवाल पूछा गया कि क्या आप ऐसी महिला से शादी करना चाहते हैं, जिसमें आपकी दादी जैसे गुण हों। जवाब बेहद दिलचस्प था। राहुल यात्रा के दौरान अपनी दादी इंदिरा गांधी के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- इंदिरा गांधी उनके जीवन का प्यार हैं, उनकी दूसरी मां हैं। इसी जवाब पर फिर सवाल हुआ- क्या ऐसी ही महिला से शादी करना चाहते हैं, जिसमें आपकी दादी जैसे गुण हों। शादी के लिए क्या ऐसी ही लड़की चाहिए। इस पर राहुल ने कहा- यह दिलचस्प सवाल है। मैं ऐसी महिला चाहूंगा, जिसमें मेरी मां और दादी... दोनों के गुण हों। वह अच्छा रहेगा। फिटनेस के सवाल पर उन्होने कहा कि वे कुछ न कुछ स्पोर्ट्स या तपस्या करता रहते हैं।राहुल ने आगे कहा- मेरे पिता एक पायलट थे, मैंने उनसे सीखा। ये प्लेन उड़ाना आपके एटीट्यूड और वे ऑफ थिंकिंग है। मेरे पिता ने कहा था कि तुम प्लेन उड़ाना, प्लेन तुम्हें उड़ाए...ऐसा मत होने देना। मायने ये थे कि आप यानी पायलट हमेशा प्लेन के आगे रहता है। पायलट 30 हजार की ऊंचाई से चीजों को देखता है। जो आप उस ऊंचाई से देखते हैं, वह आपको सड़क पर दिखाई नहीं देंगी।



सबसे पहले एक तस्वीर, राहुल ने लिखा- जो मोहब्बत इनसे मिली, वही बांट रहा हूं... राहुल गांधी ने 24 दिसंबर को मां सोनिया गांधी के साथ यह तस्वीर शेयर की। लिखा था कि इनसे मिला प्यार देश में बांट रहा हूं। राहुल ने शादी के सवाल पर जवाब मुंबई में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिया। वे यू ट्यूब चैनल मैशेबल इंडिया के बॉम्बे जर्नी स्पेशल एपिसोड में इंटरव्यू दे रहे थे। यह इंटरव्यू मंगलवार को यूट्यूब पर आया।

### राहुल गांधी ने 113 बार किया सुरक्षा का उल्लंघन सीआरपीएफ

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा पुख्ता किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। अब इस पर सीआरपीएफ की और से जवाब दिया गया है। कांग्रेस की चिट्ठी के जवाब में अर्ध सैनिक सुरक्षा बल ने कहा कि 2020 से अब तक खुद राहुल गांधी की ओर से 113 बार सुरक्षा घेरा तोड़कर नियमों का उल्लंघन किया गया है। यही नहीं सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा में पूरे प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है और उसके मानकों के तहत कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन खुद राहुल गांधी ही कई बार सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर चुके हैं और लोगों से मिलने के लिए निकल जाते हैं।



देश में कोरोना का खतरा

## चीन समेत 6 देशों से आने वालों पर बढ़ेगी सख्ती

### अगले हफ्ते से जरूरी हो सकती है निगेटिव RT-PCR

**नई दिल्ली ,ईएमएस।** भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच चीन समेत 6 देशों से आने वाले यात्रियों पर अगले हफ्ते से सख्ती बढ़ाई जा सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और सिंगापुर से आने वाले पैसेंजर्स को एयर सुविधा फॉर्म भरना और 72 घंटे पहले का निगेटिव RT-PCR रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य किया जा सकता है। इधर, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार को कोविशील्ड की दो करोड़ डोज फ्री देने के कहा है। SII में सरकार और नियामक मामलों के डायरेक्टर प्रकाश कुमार सिंह ने इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्रालय को लेटर लिखा है। लेटर में उन्होंने 410 करोड़ रुपए की फ्रीडोज देने की बात कही है। कंपनी ने चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के बीच यह फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्टर प्रकाश कुमार ने लेटर के जरिए मंत्रालय से पूछा कि कोविशील्ड की डिलीवरी कैसे की जाए? बता दें कि SII वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत भारत में अब तक कोविशील्ड की 170 करोड़ से अधिक डोज दे चुका है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने UAE से आने वाले पैसेंजर्स के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य कर दिया है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 220 करोड़ डोज को पार कर गया है। बिहार में कोरोना केसेस में 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है। राज्य स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, राज्य में रविवार तक कोई भी एक्टिव केस नहीं था। अब यहां केसों की संख्या 14 है। इनमें से 12 अकेले गया में हैं।

## केरल में पीएफआई पर NIA की बड़ी कार्रवाई

### दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जहां गुरुवार तड़के एनआईए की टीम ने पीएफआई के दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। पीएफआई पर लगे बैन के बाद से ही एनआईए की नजरें इसको लेकर चौकन्नी हैं। बीते महीनों पहले एक बार एनआईए ने ऐसी ही बड़ी कार्रवाई कर पीएफआई के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। पीएफआई पर सितंबर महीने में आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूहों से रिश्तों की बात सामने आई थी। जिसके बाद पीएफआई और इससे जुड़े करीब आठ सहयोगी संगठनों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया था। बताया जा रहा है कि पीएफआई के लोग दोबारा से संगठन को अमल में लाने की कोशिशें कर रहे थे।



## पीएम मोदी की मां की हालत स्थिर

### दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है,



**अहमदाबाद, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की तबीयत खराब है। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद हीराबा को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उनकी सेहत की जानकारी लेने बुधवार को पीएममोदी अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे थे।भाजपा के राज्यसभा सांसद जुगलजी ठाकोर ने बताया कि प्रधानमंत्री मां हीराबा की तबीयत को लेकर चिंतित थे, लेकिन डॉक्टरों से बातचीत के बाद वे सीधे दिल्ली के लिए निकल गए। ठाकोर ने दावा किया कि हीराबा को अगले दो-तीन दिन में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। फिलहाल उनकी तबीयत ठीक है। अस्पताल ने बुधवार दोपहर को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि हीराबा की तबीयत स्थिर है।

मां की तबीयत की जानकारी मिलते ही पीएम मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी और उनके परिवार के सदस्य भी बुधवार को अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को कर्नाटक के मैसुरु में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद सभी को मैसुरु के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।






## उज्बेकिस्तान का दावा, भारत में बनी सिरप पीने से 18 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि डॉक-मैक्स नामक एक भारतीय दवा कंपनी की बनाई खांसी की दवा पीने के बाद वहां 18 बच्चों की मौत हो गई है। दवा पिलाई जाने के बाद बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उनकी जान चली गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मामले का संज्ञान लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। डब्ल्यूएचओ उज़्बेकिस्तान में स्वास्थ्य अधिकारियों के संपर्क में है और आगे की जांच में सहायता करने के लिए तैयार है। भारत सरकार या दवा निर्माता कंपनी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## घर वालों ने स्मार्टफोन चलाने से मना किया तो नाबालिग फांसी पर झूली


**इंदौर ,ईएमएस।** मोबाइल का क्रेज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चे हों या बुजुर्ग सब स्मार्टफोन के दीवाने हैं। युवाओं में गेम खेलने की लत भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आज यानी बुधवार को मध्य प्रदेश में एक 16 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया। नाबालिग के घरवालों ने उसे स्मार्टफोन चलाने से मना किया। महज इस बात से नाराज होकर 16 साल की लड़की फांसी के फंदे से लटक गई। घरवालों को ये बात जैसे ही मालूम चली वो उसे हॉस्पिटल लेकर गए। लेकिन लड़की की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि चंदन नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 साल की



राहिमीन दसवीं कक्षा की छात्रा थी। पिता बैग बेचने का काम करते हैं। वो कुछ ही समय पहले उत्तर प्रदेश से इंदौर व्यापार करने आए थे। रोजाना छात्रा जब स्कूल से घर लौटती थी तो मां का मोबाइल लेकर उस पर गेम खेलने लगती थी। इस बात को लेकर कई बार घर वालों ने लड़की को डांटा और उसे पढ़ाई करने के लिए कहा। नाबालिग इस डांट से इतना अधिक आहत हो गई कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पिता ने कहा- क्या अब बच्चों को डांटना भी गलत ?

पिता का कहना था कि छात्रा रोजाना स्कूल से जब घर वापस आती थी तो उसकी मां पढ़ाई करने के लिए कहती थी। मां और बेटी के बीच कई बार इस बात को लेकर नोकझोंक हुई। परिवार का कहना था कि क्रिसमस की छुट्टियां चल रही है जिसके चलते छात्रा मोबाइल पर दिनभर गेम खेल रही थी। लेकिन वो ऐसा कदम उठा लेगी इसपर यकीन नहीं हो रहा है।



### फरवरी से टूरिस्ट देख सकेंगे चीते

## बड़े बाड़े से खुले में होंगे शिफ्ट कूनो का तीसरा गेट भी खुल जाएगा

**भोपाल, यशभारत।** इंतजार खत्म। फरवरी में टूरिस्ट कूनो में चीते देखने जा सकेंगे। जनवरी के आखिरी या फरवरी के शुरुआत में 500 हेक्टेयर के बड़े बाड़े से चीतों को अब खुले में छोड़ा जाएगा। और फरवरी में टूरिज्म शुरू हो जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक सभी चीते स्वस्थ हैं और शिकार करने लगे हैं। चीता टूरिज्म डेवलप करने के लिए सरकार सहरिया आदिवासी परिवारों को होम स्टे चलाने की ट्रेनिंग दे रही है। इसके लिए उन्हें हाइजीन कैसे मेंटेन करें और विदेशियों के लिए खाना कैसे बनाएं, ये सिखाया जा रहा है। उनके घरों में मरम्मत के अलावा स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। 4 सहरिया परिवारों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है, छह और की ट्रेनिंग चल रही है। नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिसन (एनआरएलएम) और इकोटूरिज्म बोर्ड ने इन घरों को सिलेक्ट किया है। चीते आने के बाद कूनो आनेवाले टूरिस्ट की संख्या बढ़ी है। अहेरा और पील-बावड़ी सालभर में मुश्किल से 20-30 गाड़ियां आती थीं, सितंबर के बाद से हर दिन 3-4 गाड़ियां आती हैं। जबकि टिकटोली गेट से पिछले साल 1200 गाड़ियां आई थीं। चीता सफारी के लिए नियम कायदे टाइगर रिजर्व की तरह ही होंगे। कूनो के लिए भी टूरिस्ट ऑनलाइन बुकिंग कर पाएंगे। सुबह और शाम की शिफ्ट में सफारी होंगी। कूनो में 3 जोन हैं। अहेरा, पील-बाव?ी और टिकटोली। टिकटोली वो इलाका है जहां चीते हैं।टिकटोली पिछले सीजन से ही टूरिस्ट के लिए बंद है। टिकटोली जोन में ट्रैक पुराना है, नई सफारी का रूट भी पुराना ही है, लेकिन चीतों के प्रोटेक्शन के लिए ट्रैक को रिपेयर किया गया है। तीनों जोन में 180 किमी का ट्रैक है। जहां चीता है, वहां 70-80 किमी का ट्रैक है। इसी पर टूरिस्ट जा सकेंगे। विदेशी पर्यटकों के लिहाज से कूनो को तैयार करने के लिए इन दिनों वहां 60 गाइड्स को अंग्रेजी भी सिखाई जा रही है। विश्व में पहली बार जानवरों का इंटर कॉन्टिनेंटल ट्रांसलोकेशन हुआ है।

# अब दिन में भी सता रही सर्दी, एक जनवरी से और तेज होगा शीतलहर का प्रकोप





**जबलपुर, यशभारत।** दिसंबर महीने के पहले तीन सप्ताह में खुशगवार मौसम के बाद साल के आखिरी सात दिनों में मध्य प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। अब तो रात के साथ दिन भी सर्द होने लगे हैं। साल के आखिरी सप्ताह में कई शहरों में दिन का तापमान भी लगातार कम हो रहा है। इलाकों में कोहरे के प्रकोप से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि नए साल की शुरुआत के साथ तापमान में और गिरावट आएगी और ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक एक जनवरी के बाद पारे में और गिरावट की संभावना है। इससे ठंड का कहर और बढ़ेगा। दिन का तापमान 23 से 24 डिग्री तक पहुंच गया है। रात के पारे में भी गिरावट हुई है।विभाग के अनुसार, दिसंबर के अंत तक प्रदेश के हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 29 दिसंबर को सक्रिय सिस्टम का असर 31 दिसंबर तक रहेगा। इसके बाद दिन और रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। इससे प्रदेश भर में ठंड अपना जोर दिखाने लगेगी।जिले में सर्द हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया। बुधवार को न्यूनतम तापमान 9.2 पर रहा, जो दिसंबर माह का सबसे कम है। आज सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिसे कम 7.8 रहा। सुबह की आद्रता 83 प्रतिशत रही। ठंड के पलटवार ने सुबह से ही तीखी हवाओं ने लोगों को ठिठुराना शुरू कर दिया। हर कोई गर्म कपड़े पहने नजर आया। मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में अचानक कमी आई, जिससे ठंड बढ़ गई है। हवा का रुख कभी उत्तरी तो कभी उत्तरी पश्चिमी बना हुआ है। आने वाले दिनों में जब हवा का रुख पूरी तरह से उत्तरी होगा तब तापमान में गिरावट आएगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। नव वर्ष में कड़ाके की ठंड पड़ने लगेगी।मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवाओं का रुख उत्तरी व उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है। मौसम प्रणाली के आगे बढ़ने पर हवा के ऊपरी भाग के चक्रवात के रूप में परिवर्तित होने पर कड़ाके की सर्दी पड़ेगी।



# डॉ. इंदिरा दांगी को मिला गायत्री कथा सम्मान

## जीवन का यथार्थ होती है साहित्यकार की कल्पनाएं

**जबलपुर,यशभारत।** सुप्रसिद्ध कथा लेखिका डॉ. गायत्री तिवारी की स्मृति में पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा कला वीथिका में आयोजित भव्य समारोह में भोपाल की राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा लेखिका डॉ.इंदिरा दांगी को छंटवे गायत्री कथा सम्मान से नबाजा गया। सम्मान स्वरूप नगद राशि, शाल, श्रीफल अलंकरण प्रदान किया । आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर प्रभात साहू थे। अध्यक्षता डॉ. राजकुमार सुमित्र ने की। सारस्वत अतिथि महाकवि आचार्य भगवत दुबे थे। डॉ. सुमित्र ने कहा कि मनुष्य की कल्पनायें भी उसके मानसिक जीवन का यथार्थ होती हैं। इन्हीं कल्पनाओं के साथ वर्तमान स्थितियों और मानवीय करूणा के कारण साहित्यकार समाज के स्वस्थ विकास और उन्नति के लिये सृजन करता है। ऐसा सृजन ही सार्थक सृजन होता है जिससे मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। प्रभात साहू ने डॉ.गायत्री तिवारी की सृजन एवं समाज सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि साहित्यकार युग दृष्टा होता है। उसका सम्मान समाज की मूल भावना का सम्मान है। महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने समसामयिक साहित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. गायत्री तिवारी ने मूल्यपरक सृजन किया ।मौसमी परिहार ने डॉ दांगी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ.दांगी को पाथेय साहित्यकला अकादमी से डॉ. भावना शुक्ल, राजेश पाठक 'प्रवीण', डॉ. हर्ष तिवारी, जगदीश कंथारिया (किशनगढ), प्रेमनारायण शुक?ल (नोयडा), राधिका चरण तिवारी (टीकमग?), मोहनी तिवारी ने सम्मानित किया ।बाल विदुषी प्रियम तिवारी की उद्घोषणा के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश शास्त्री के स्वस्तिवाचन से हुआ। द्वितीय सोपान में गायत्री सृजन सम्मान से शरीर सौष्ठव के पितामह बी.के. पाठक, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.शोभा नेलसन, साहित्यकार देवेन्द्र गोंटिया देवराज, गिरीश बिल्लारे च्मुकुलज, पत्रकार सुनील साहू ,कलासधिकाअस्मिता शैली को गायत्री सृजन अलंकरण एवं कथाकार अनिता सिंह भोपाल को कादम्बरी संस्था के द्वारा स्थापित डॉ. गायत्री लघु कथा अलंकरण से सम्मानित किया गया।सम्मानितजनों को प्रमोद कुशवाहा की पेंटिग्स भी प्रदान की गई। समारोह में प्रतुल श्रीवास्तव, संतोष नेमा, विजय नेमा,साधना उपाध्याय,डॉ. चंद्रा चतयर्वेदी,छाया त्रिवेदी, अर्चना मलैया,सलपनाथ यादव,गुप्तेश्वर गुप्त,निर्मिला तिवारी,प्रार्थना अर्गल, प्रवीण मिश्रा,विजय किसलय,इरफान झांसवी,डॉ.सलपनाथ यादव, राजेन्द्र तिवारी,अनिमेष शुक्ल,शरणजीत सिंह,शशिकला सेन ,मनीषा गौतम,ज्योति मिश्रा,प्रभा शील,जागेश्वर रैदास,मनोज शुक्ल,सुभाष शलभ,की उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार डॉ. भावना शुक्ल दिल्ली ने किया।



## केयर हॉस्पिटल में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**जबलपुर, यशभारत।** केयर हॉस्पिटल करमेता, कटंगी रोड, जबलपुर में ि रविवार को निः शुल्क नेत्र का आयोजन किया गया एवं लगभग 100 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें मोतियाबिंद के 6 मरीजों को चिन्हित कर केयर हॉस्पिटल में निः शुल्क ऑपरेशन डॉ. तरुण एवं डॉ शैलजा पटेल टीम द्वारा किया गया । अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक रविवार को केयर हॉस्पिटल में मरीजों के नेत्रों की जाँच एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन निः शुल्क किया जायेगा ।

## इंदौर के डा. महेश गुप्ता अध्यक्ष जबलपुर के डा. राजेश मिश्रा उपाध्यक्ष



**जबलपुर, यशभारत।** उज्जैन के होटल विक्रमादित्य में गत दिवस नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसियेशन की राज्य शाखा के चुनाव आयोजित हुए जिसमें उज्जैन के डा. महेश गुप्ता जहां अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वहीं जबलपुर के डा. राजेश मिश्रा उपाध्यक्ष चुने गए।

## महेश सिंह राजपूत लेखा समिति अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम जबलपुर की लेखा समिति का निर्वाचन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 131 (क) के अंतर्गत नियमानुसार पूर्व में हो चुका है। दिनांक 27 दिसम्बर 2022 को नगर निगम जबलपुर स्थित अपर आयुक्त (वित्त) कक्ष में अध्यक्ष के चुनाव की बैठक आयोजित की गई। लेखा समिति के सभी निर्वाचित (पार्षद) सदस्यगण उपस्थित हुए, सदस्यों की सहमति से गुप्त मतदान के द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया आरम्भ की गयी, जिसमे अध्यक्ष पद हेतु 02 नामांकन आवेदन महेश सिंह राजपूत एवं प्रमोद कुमार पटैल के प्राप्त हुए। जिन्हें परीक्षण उपरान्त दोनों प्रस्तुत आवेदन वैध पाये गए, तदोपरांत गुप्त मतदान द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की गयी। जिसमे मतों की गणना उपरांत महेश सिंह राजपूत को चार मत एवं प्रमोद कुमार पटैल को तीन मत प्राप्त हुए। इस निर्वाचन प्रक्रिया में महेश सिंह राजपूत को लेखा समिति अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

# दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट में इंदौर विजेता



**जबलपुर,यशभारत।** अभावों,असुविधाओं और कठिनाइयों से निराश युवाओं के लिए दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ी प्रेरणास्त्रोत हैं।प्रदेश की पहली महिला क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी संस्कारधानी जबलपुर का सौभाग्य है।प्रतियोगिता में भाग ले रही पांचों जिलों की टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप विधायक निधि से पांच पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। उक्त उद्गार स्थानीय शिवाजी ग्राउंड में चल रही दृष्टिबाधित महिलाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी ने मुख्य अतिथि की आशन्दी से व्यक्त किए। पांच जिलों की त्रिदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में इंदौर विजेता तथा जबलपुर उप विजेता रहा। जिन्हे अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान की गई।समारोह ने पूर्व नि:शक्त जन आयुक्त दीपांकर बनर्जी,राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ .श्रद्धा तिवारी,अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ी सोनू गोलकर, नगर निगम सभाध्यक्ष रिकुंज विज, समाजसेवी रजनीश यादव,संभागीय समावेशी शिक्षा प्रभारी डॉ.राम नरेश पटेल,समाजसेवी रजनीश यादव,पूनम चंद मिश्रा,सुनील कुमार जैन,सुरेश यादव, डॉ . एच .पी. तिवारी, शिवशंकर कपूर, डॉ .अनिल परस्ते विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अजय अवस्थी,नीतू जैन, अमित यादव,ओम प्रकाश,अनुश्री मठानकर, कृतिका चारवे,सरिता गोलकर,दीपक पहाड़े, रामपाल उइके,अतुल राठी,आर. आर. तिवारी, किरण केवट,शिव कुमार वानखेड़े व आर .के .आदि का विशेष सहयोग रहा।



## स्नेह निकेतन की सभी बच्चियों को बांटी सामग्री

**जबलपुर, यशभारत।** उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों के एवं सुनील श्रीवास्तव के सहयोग से आज गोरखपुर के स्नेह निकेतन की सभी बच्चियों को सैंडल ,जूती एवं खाने पीने के सामान फल नमकीन बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रीति गुप्ता,सचिन गुप्ता ,राजीव तिवारी ,सानू प्रधान ,उमेश कटारे ,प्रवीण गुप्ता ,रितेश गुप्ता संजय खत्री विजय जोगलेकर एसएन दुबे सुनील नामदेव अमि खरे भावना तिवारी पीयूष गुप्ता प्रकाश तिवारी मीना गुप्ता अक्षत अग्रवाल अशोक गुप्ता सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

### कर्मचारी जगत

## सी.एम. राईज प्राचार्य पर मुकदमा करने की मांग

### 12 वर्षो से स्कूल में कार्यरत सफाई कर्मी ने लगाई न्याय की गुहार

**जबलपुर, यशभारत।** म. प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की सी. एम. राईज प्राचार्य बरेला डी. के. गुप्ता द्वारा अपनी शाला में 12 वर्षो से पदस्थ सफाई कर्मी सूरज प्रसाद समुन्द्रे को शाला उन्नयन पश्चात प्राचार्य द्वारा एम. पी. कान लिमिटेड भोपाल को प्रस्ताव न भेजकर उसे कार्य से पृथक करा दिया गया है, जबकि संबंधित सफाई कर्मी लगभग 12 वर्षो से अपना काम निष्ठा व ईमानदारी से करता चला आ रहा है प्राचार्य द्वारा अपने चहेतों को सफाई कर्मी, चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, अपने स्वेच्छा अनुसार एम.पी. कॉन की मिलीभगत से नियुक्त दिया गया, जबकि श्री सूरजज समुन्द्रे सफाई कर्मी 800 प्रतिमाह के वेतन से स्कूल में कार्य कर रहा था, जिसकी पुष्टि उसके हर माह आने वाले वेतन पास बुक से की जा सकती है। सफाई कर्मी के अनुभव को दरकिनार कर दिया गया। जिसकी शिकायत जिले वरिष्ठ अधिकारियों को की गई है। प्राचार्य प्रताडना से दलित परिवार आर्थिक तंगी से झूझ रहा है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, यू.एस. संतोष करौसिया, चूरामन गुर्जर, के. पी. झारिया, एस. के. रैदास, प्रहलाद उईके, कावेरिया, राजेन्द्र कुमार प्रधान, सुनील परस्ते, मेवा राम झारिया, चंदु डोंगरे, अशीष कोरी, सुरेन्द्र झारिया, एन. एस. धुर्वे, एम.पी. ओटीयाम, राजेन्द्र समुन्द्रे, आर. के. कतिया, नितिन कोरी, आदि ने एस. पी. जबलपुर से मांग की है कि दलित सफाई कर्मी को नौकरी से जबरिया बाहर कर प्रताडित करने वाले प्राचार्य पर एफ. आई.आर दर्ज कर पीडित परिवार को न्याया दिलाने की मांग की है।

## लिपिकीय कार्य करने वाले को दिया जाए लिपिकीय वेतन

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मांग की कि अधिकारियों की मेहरबानी सें कार्यालयों में लिपिकीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को मूल केडर में वापसी की जाए। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान में शासकीय कार्यालयो में अन्य केडर के कर्मचारी लिपिकीय कार्य में रूचि लेते हुए अपना मूल कार्य शिक्षण/प्रशिक्षण इत्यादि छोड़ अधिकारियों की मेहरबानी से शासन को धोखे में रख/गुमराह कर पद सहित अथवा संलग्न होकर या अन्य पद स्वीकृति कराकर जहां शिक्षण प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है पदस्थ हैं । जिससे उनका मूल कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है साथ ही अन्य केडर के कर्मचारियों का कार्य में भी विसंगति उत्पन्न हो रही है । प्रतिवर्ष बच्चों/युवाओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षण/प्रशिक्षण हेतु करोड़ों रूपये का प्रशिक्षण शासन द्वारा इन शिक्षक/प्रशिक्षकों पर खर्च किए जा रहे हैं । यदि पे मेट्रिक्स लेवल 4 से 7 का कार्य करने हेतु लेवल 8 से 12 तक के कर्मचारियों से कार्य कराया जाता है तो शासन को लाखों को हानि प्रतिमाह हो रही है । यदि लेवल 4-5 का कार्य लेवल 8 के कर्मचारी से कराया जाता न्युनतम गढ़ना अनुसार शासन को प्रतिमाह प्रति कर्मचारी लगभग 20000 की हानि होती है । यदि 1000 कर्मचारियों से लिपिक/कम्प्यूटर आपरेटर/स्टेनो के कार्य के लिए संलग्न अथवा अन्य पद के नाम से पद स्वीकृत कराकर कार्यालय में कार्य कर रहे है तो शासन को 1000 कर्मचारियों पर लगभग कम से कम 2 से 3 करो? प्रतिमाह नुकसान हो रहा है । वर्तमान में कुछ विभाग में लिपकीय पदोन्नत कार्यालयीन पद सहायक संचालक/उप संचालक पर अन्य केडर शिक्षक/प्रशिक्षकों से पदोन्नत किए जाने हेतु भाई भतीजावाद/चमचागिरी के चलते नियमों में प्रावधान कर भरा जा रहा है । जहॉ प्रदेश की आर्थिक स्थिति डावांडोल है वहीं इस तरह का कार्य शासन पर कुठाराघात है । संघ के स्टेनली नॉबर्ट, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, उमेश सिंह ठाकुर, ने मुख्यमंत्री मांग की है कि प्रदेश हित में ऐसे लिपिकीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को लिपिक का वेतन दिया जाए एवं कार्यालय में कार्यालयीन कार्य हेतु पदस्थ शिक्षण/प्रशिक्षण शिक्षकों को पद सहित उनके मूल कार्य हेतु वापस स्थानांतरित किया जाए । जिससे लिपिकीय पद खाली होने से प्रदेश के युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा एवं प्रदेश सरकार का करोड़ो रूपये प्रतिमाह बचत भी होगी जिसका उपयोग अन्य योजनओं इत्यादि में किया जा सकता है ।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो रहे युवाओं की कार्यशाला अब कल

**जबलपुर,यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अभिनव पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किये जाने वाले ज्ञानाश्रय कार्यक्रम के तहत संघ लोक सेवा आयोग एवं एमपी पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो रहे युवाओं के लिये कार्यशाला का आयोजन अब गुरूवार 29 दिसंबर के स्थान पर 30 दिसम्बर को सिविल लाइन स्थित महाकौशल कॉलेज में सुबह 12 बजे से किया जायेगा। इस कार्यशाला में जिले के सभी महाविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्रा शामिल हो सकेंगे।

## नशा मुक्त नववर्ष मनाने का आह्वान



**जबलपुर, यशभारत।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें नव वर्ष नशा मुक्त नववर्ष मनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष धनंजय बाजपेई रावेंद्र तिवारी सुशील दुबे मनोज गौतम आशीष पटेल विकास सेन कक्कू नामदेव सभी ने विचार व्यक्त किए।

# भेड़ाघाट में मांटेसरी स्कूल विद्यार्थियों का पुनर्मिलन समारोह

## पुराने पलों को किया याद समापन पर हुए भावुक




**जबलपुर,यशभारत।** मांटेसरी स्कूल (शासकीय पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्था) के वर्ष 1977-78 के विद्यार्थियों का दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह मंगलवार को हुआ। 44 साल बाद मिले विद्यार्थी दूसरे दिन भेड़ाघाट पहुंचे जहां पुराने दिनों को याद कर भावुक हो गए। मांटेसरी 78 के विद्यार्थियों ने जब एक दूसरे विदा ली तो सब की आंखों में आंसू थे, लेकिन उनके भीतर इस बात की संतुष्टि थी कि वे सब 45 वर्षो के बाद पुनः उसी जोश के साथ एकत्रित हुए। मांटेसरी 78 के विद्यार्थियों ने सपरिवार भेड़ाघाट का भ्रमण किया। पारिवारिक मिलन के साथ पूर्व विद्यार्थियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अनुपमा पालन टक्कर, संजय शुक्ला, अनिल दुबे, आनंद इंदुरख्या, पराग निगम, राजेश चौहान, अमित जैन ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। अशेष तिवारी, सुबोध धांडे, अमर मेहता, संगीता इंदुरख्या खरया, अभिलाषा पारे काशिव, पवन जैन, राकेश बड़ेरिया ने संगीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति दे कर युवाओं को मात दी। अंजना सूद ने आयोजन में शामिल पूर्व विद्यार्थियों को रोचक गेम्स खिलवा कर अंतरंगता भर दी।मांटेसरी 78 के समारोह में संगीता इंदुरख्या खरया, अशेष तिवारी, अमर मेहता, अमित जैन, सुबोध धांडे, पराग निगम, संजय शुक्ला, राजेश चौहान, विवेक वर्मा, अनिल दुबे, प्रतीक नेहरा, अंजना सूद, सुजाता पांडे, संगीता शुक्ला, सोनल शर्मा, दिनेश पहारिया, आनंद इंदुरख्या, राकेश बड़ेरिया, सुनीता यादव, नितिन टांकसाले, सीमा अग्रवाल, प्रभात कठल, अनुपमा ठक्कर, पारूल मेहता, निधि पांडे, विकास नेमा, पूर्णिमा मिश्रा, संजय भार्गव, विनय शुक्ला, योगेन्द्र जैन, नितिन राजे, अभिलाषा पारे काशिव, राजेन्द्र सिंह कौरव, पवन जैन, राजू जैन, डा. अमिताभ मित्रा की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन पंकज स्वामी ने किया।

# रा.दु.वि.वि. का नि:शुल्क योग शिविर शुरू



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय योग विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क योग शिविरों की श्रृंखला में पंचम निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ 28 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग एकेडमी गन फॉर ग्लोरी में शुभारंभ हुआ , इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय योग एवं दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. भरत कुमार तिवारी, मुख्य अतिथि डॉ. परिमल स्वामी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोनिका रेचल अग्रवाल डायरेक्टर गन फॉर ग्लोरी, डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, डॉ. राकेश गोस्वामी, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. वंदना यादव एवं डॉ. वर्षा अवस्थी की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योगासन शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांति प्रदान करता है, ऐसे में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास आपके लिए काफी मददगार होता है। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है, समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासनों में शारीरिक मुद्राओं, सांस लेने के व्यायाम और ध्यान का संयोजन किया जाता है और कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करने से लेकर सेहत को बूस्ट देने तक के लिए योगासनों का अभ्यास करना सहायक होता है। प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं का अभ्यास आपको शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार होता हैं, योग शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। प्राणायाम, आसन, योग मुद्राएं आदि करने से व्यक्ति सामान्य की तुलना में ज्यादा ऑक्सीजन ले पाता है। ऐसे में शरीर स्वास्थ्य व तंदुरुस्त रहता है। योग करने वाले हर इंसान की आयु बढ़ती है और वो बीमारियों से दूर रहता है। प्रतिदिन योग की कक्षाएं प्रातः 8 से 9 बजे तक संचालित होंगी। इस 10 दिवसीय निन्शुल्क योग शिविर में सभी लोग सम्मिलित होकर लाभ उठा सकते हैं। शिविर का समापन 6 जनवरी 2023 को किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग एकेडमी गन फॉर ग्लोरी का समस्त स्टाफ, सभी योग सहपाठी उपस्थित रहे। इस शिविर में प्रशिक्षण योग प्रशिक्षक आशीष रैकवार, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, विकल्प पाटकर, अश्विनी रहाटे, विपिन लाडिया, अनुराग गौतम एवं पवन परमार द्वारा दिया जाएगा।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 30 जनवरी से, जबलपुर में 5 इवेंट

# कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा, दिए निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** नए साल में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 5वां सीजन मध्य प्रदेश में हो रहा है. इसके लिए जबलपुर समेत प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मण्डला, बालाघाट और खरगोन (महेश्वर) को चुना गया है. वहीं इसका एक गेम (साइक्लिंग) दिल्ली में खेला जायेगा. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के 5 इवेंट जबलपुर में आयोजित किए जाएंगे, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आज सुबह रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुँचकर यहाँ चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा लिया और कई निर्देश दिए।



### इन खेलों को किया गया शामिल

जबलपुर जिले में आयोजन की जवाबदारी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और शासकीय महाकोशल अग्रणी कॉलेज को दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार जिले में पांच खेलों का आयोजन किया जाएगा. इन खेलों में आर्चरी, खो-खो, फेन्सिंग, साईक्लिंग रोड और कलारीपट्टू खेल शामिल किए गए हैं. हालांकि, अभी खेलों के आयोजन की तारीख का निर्णय नहीं लिया गया है. इन खेलों के आयोजन को लेकर वालंटियर्स चयन के साथ अन्य व्यवस्थाएं होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग निर्णय लेगा. यह आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक होगा।



### क्या है खेलो इंडिया यूथ गेम

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्देश्य देश में युवाओं के बीच खेल की संस्कृति को बनाए रखना है. इसके साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के हुनर को और तराशने के उद्देश्य से इस स्किम की शुरुआत की गई है. इस स्किम के माध्यम से सभी चयनित छात्रों को प्रोत्साहित करने व उन्हें और काबिल बनाने के लिए सरकार द्वारा वित्त पोषण भी दिया जाता है. जिससे वे स्वयं को आने वाली सभी प्रतियोगिता के लिए तैयार कर पाएं. इस स्किम की सहायता से सभी बच्चे और युवा आने वाले भविष्य में अपना करियर भी बना सकेंगे. इससे सभी लोग खेलों के प्रति आकर्षित होंगे और उनकी रूचि बढ़ेगी. इस स्किम के तहत प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं के साथ विभिन्न खेलों के क्षेत्र में भी विकास कर पाएंगे. इसके अलावा भारत देश भी एक बड़े खेल राष्ट्र के तौर पर उभरेगा।

# आरक्षक महिला के साथ दुष्कर्म

## देवर ने की ज्यादती, आरोपी अभिरक्षा में

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत पुलिस महिला आरक्षक के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां आरोपी देवर ने बीमार भाभी के साथ ज्यादती कर दी। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महिला आरक्षक ने बताया कि वह सिंगरौली के कोतवाली थाने में पदस्थ है। लेकिन बीमारी के चलते फिलहाल अधारताल के कंचनपुर में रह रही है। जहां देवर ने उसके साथ ज्यादती कर दी।



### सॉफ्टवेयर इंजीनियर है देवर

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने बताया कि उसका पति सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। लेकिन फिलहाल घर में ही रह रहा है। जिसने उसके साथ बलात्कार किया है। पीड़िता ने बताया कि पहले जब देवर ने उसके साथ ज्यादती की तो पति ने देख लिया था, जिसके बाद वह अलग किराए के मकान में रह रहे है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है।

# शोपीस बनकर रहने जीआरपी के क्वार्टर कर्मचारियों को क्यों नहीं हो रहे आवंटित

**जबलपुर यश भारत।** जीआरपी लाइन में कर्मचारियों के लिए बने क्वाटर शोपीस बनकर रह गए हालात यह है कि यहां पर असामाजिक तत्वों का बोल वाला होने के कारण नई क्वार्टरों की टूट-फूट भी होना शुरू हो गई है किंतु अभी तक जीआरपी कर्मियों को इन क्वार्टरों का आवंटन ना होने से उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वह वर्षों से किराए का मकान लेकर रह रहे। उल्लेखनीय है कि जीआरपी रेल लाइन में बने क्वार्टरों का वर्चुअल उद्घाटन विगत 22 अगस्त को हो चुका है 5 माह बीत जाने के बावजूद भी आरक्षक हवलदार आदि को वह आवंटित नहीं किए गए आस लगाए बैठे हैं कि नए भवन में कब उनका प्रवेश होगा इस संबंध में रेलवे सूत्रों ने बताया कि जबकि जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों को क्वार्टर का आवंटन शुरू हो गया है किंतु आरक्षक एवं हवलदार को अभी नवनिर्मित क्वार्टरों मैं स्थान नहीं दिया गया जिससे वह काफी परेशान है उल्लेखनीय है कि विगत दिनों रेल आईजी के आगमन पर एसआरपी ऑफिस में जीआरपी का जो दरबार लगाया गया था उसमें एक आरक्षक ने क्वार्टरों के आवंटन को लेकर आवाज बुलंद की गई थी इसके बावजूद भी अभी तक यह क्वार्टर शोपीस बनकर खड़े हुए देखरेख के नाम पर कोई चौकीदार की व्यवस्था भी यहां पर नहीं है जिससे क्वार्टर में लगे नल की टोपियां एवं पंखों से भी छेड़छाड़ की जा रही है समय रहते यदि जीआरपी कर्मचारियों को इन क्वार्टरों का आवंटन हो जाता तो इनकी सुरक्षा भी रहती और वह नए भवन में रहने लगते किंतु ऐसा ना होने के कारण नए क्वार्टरों की हालत चिंताजनक हो रही है।



# शराब बिकवाने के तस्कर दे रहा था 300 रुपये

## गोरखपुर पुलिस ने आरोपी को दबोचा, बिक्री की रकम और शराब जब्त



**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोरखपुर के कुम्हार मोहल्ला में घर में अहाता संचालित कर शराब तस्कर गर्गे को भाड़े में रखकर, खुलेआम शराब बिकवा रहा था। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने दबिश देकर गुर्गे को दबोच लिया। जिसने बताया कि वह 300 रुपये की तिहाड़ी मजदूरी पर यह काम करता है। आरोपी सरगना मौके से फरार है। गुर्गे को दबोचकर पुलिस ने बिक्री के रुपये और शराब जब्त कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कुम्हार मोहल्ले में कैलाश कुम्हार द्वारा घर पर अवैध रूप से अहाता संचालित कर पप्पू कोरी निवासी खेरमाई मंदिर के पास कोरी मोहल्ला गोरखपुर से शराब बिक्री कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक शेष नारायण दुबे प्रधान आरक्षक अच्छेलाल झरिया, आरक्षक मनोज उपाध्याय, सत्यनारायण ठाकुर द्वारा मौके पर जाकर दबिश दी गई । दबिश के दौरान कैलाश कुम्हार भाग गया । आरोपी पप्पू कोरी के कब्जे से देसी मदिरा मसाला एवं देसी मदिरा प्लेन के खाली एवं भरे हुए पाव, डिस्पोजल एवं कांच के गिलास, बिक्री की रकम, जब्त किया गया। आरोपी कैलाश कुम्हार एवं पप्पू कोरी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# विद्युत नियामक आयोग को नोटिस, नए टैरिफ बनाने के पहले झटका

## नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कहा सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना हो रही है

**जबलपुर, यशभारत।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना, बिजली के नए रेट निर्धारित करने में जुटा विद्युत नियामक आयोग, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने भेजा नोटिस जबलपुर। मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग का एक बार फिर तानाशाही रवैया सामने आया है. मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए नए बिजली के नए टैरिफ नियम बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. इसे लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने भारी आपत्ति दर्ज कराई है. नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष पी जी नाजपांडे और सदस्य रजत भार्गव ने इसको लेकर विद्युत नियामक आयोग को नोटिस भेजा है. नोटिस में कहा गया है कि यदि विद्युत नियामक आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया, तो मामले में हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की जाएगी।

**क्या कहा था सुप्रीम कोर्ट ने ?** 23 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सारे राज्यों के विद्युत नियामक आयोग को कहा था कि आयोग को बिजली के रेट निर्धारण करने के लिए नए सिरे से दर निर्धारण के मापदंड तय करना होगा. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में आयोग को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश जारी होने से 3 महीने के अंदर विद्युत अधिनियम की धारा 61 और राष्ट्रीय बिजली नीति को ध्यान में रखते हुए टैरिफ निर्धारण करने के नए रेगुलेशन बनाएं।

# शराब तस्करों का गढ़ बन गया संस्कारधानी







## क्राइम ब्रांच ने अनेक स्थानों से शराब का जखीरा किया बरामद, कार, 2 एक्सिस, 1 स्कूटी जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी में इनदिनों जगह-जगह अवैध शराब बेचने का बोलबाला है। तस्कर खुलेआम लोगों को मदिरा परोस रहे है। जिसकी बानगी कोतवाली, हनुमानताल, गोरखपुर, ओमती में उस वक्त देखने मिली जब क्राइम ब्रांच और पुलिस ने जगह-जगह दबिश देकर अवैध शराब का जखीरा बरामद कर, कार दो एक्सिस और एक स्कूटी जब्त की है। मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा चंडालभाटा के पास दबिस देकर जायलो क्रमांक एमपी 17 सीए 3524 में अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी सुनील राजपूत 52 वर्ष निवासी विजयनगर एवं प्रेमकिशोर गुप्ता 53 वर्ष निवासी विजयनग को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 36 बाटल रायल स्टेग, 12 बाटल बकार्डी रम, 20 पाव रायल स्टेग अंग्रेजी शराब मय जायलो कार के जब्त की गई। इसी प्रकार ओमती के भवरताल गार्डन के पास दबिश देते हुये आरोपी सागर चौधरी 22 वर्ष निवासी सिद्धबाबा की एक्सिस स्कूटी जब्त की गई। जिसमें 50 पाव देशी शराब जब्त की गई। साथ ही तुलाराम चौक में बिना नम्बर की एक्सिस में अवैध रूप से शराब ले जाते हुये आरोपी सूरज करोसिया 22 वर्ष निवासी लटकारी का पड़ाव को 50 पाव देशी शराब के साथ पकड़ा गया। तो वहीं थाना गोरखपुर अन्तर्गत रामपुर इमलीपुरा में दबिश देते हुये राकेश माली उर्फ सोनू 30 वर्ष निवासी आजाद चौक रामपुर स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस व्ही 5490 में 100 पाव देशी शराब ले जाते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया। तो वहीं थाना हनुमानताल के अनवरगंज मस्जिद के पास दबिश देते हुये श्रीकांत गोस्वामी 22 वर्ष निवासी खिन्नी मोहल्ला कोतवाली को 12 बाटल रायल स्टेग शराब के साथ हाथ पकड़ा गया।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (मप्र)**

रा.प्र.क्र./944/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक 12/12/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भगवती नेमा व अन्य पति स्व. बालकृष्ण पिता निवासी जानकी नगर विजय नगर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नंबं 643 पहनं 05 तहसील अधारताल जिला में स्थित भूमि प्लॉट/खसरा नं 185/2 रकवा 958 वर्गफुट भूमि विक्रेता जानकी गृह निर्माण से पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2682 दिनांक 20/7/1989 से विक्रेता के द्वारा क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता जानकी गृह निर्माण सहकारी समिति के नाम दर्ज है। क्रेता के फौत हो ज ाने उपरांत उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किय जाने हेतु प्रस्तुत है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/12/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 23/11/22
पेशी दिनांक - 12/12/22

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (मप्र)**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 26/12/ 22

**-: आम इश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण/वसीयतगृहितागण श्रीमती रतना सोनी पति श्री राजेश सोनी, श्रीअभिषेक सोनी पिता श्री राजेश सोनी, दोनों निवासी मनं 211/2, तुलसी नगर, चेरीताल वार्ड जिला जबलपुर मप्र द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नंबं 643, पहनं 25 नया 04, रानिमं जबलपुर 1 तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं 209/4/2 का रकवा 780 वर्गफुट भूमि ई पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक एमपी 182552017ए3362535, पंजीकरण दिनांक 29/6/2017 के माध्यम से वसीयत कीगई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि वसीयतकर्ता श्री राकेश कुमार सोनी पिता स्व. श्री गोविंद प्रसाद सोनी, निवासी 525/1 मंजू तेली की गली एवं दीक्षितपुरा जबलपुर मप्र के नाम दर्ज है।

तत्संबंध मेंनामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 9/1/2023 तक न्यायालय तहसीलदार अधारताल, जबलपुर में स्वयं उपस्थित हो कर अथवा अधिवक्ता केद्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 26/12/22
पेशी दिनांक - 09/1/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**


## मानस भवन में पुलिस कर्मियों का सम्मान




**जबलपुर, यशभारत।** मानस भवन में सहयोग युवा समिति,मेगा माइंड और नगर निगम के तत्वावधान में उत्कृष्ण कार्य के चलते पुलिस अधिकारियों और कर्मियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विधायक विनय सक्सेना और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा सहित पुलिस विभाग मौजूद रहा।

# सेंट जॉन ब्रिगेड द्वारा रेलवे में सी.आर.पी. तकनीकी का प्रशिक्षण आयोजित होगा



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल में प्राथमिक चिकित्सा सेवा मे संलग्न सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गयी है. इस सम्बन्ध में ब्रिगेड की बैठक में आगामी वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा करके उसे अंतिम रूप दिया गया. ब्रिगेड कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंजू नाथ एमएस के निर्देशानुसार मंडल कार्यालय में नव वर्ष पर आगामी 5 जनवरी को तथा कटनी में 12 जनवरी को स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया इस शिविर में हार्ट अटैक आने पर प्राण रक्षा हेतु प्राथमिक उपचार के लिए सी.आर.पी. तकनीकी को आपनाने का तरीका बताया जायेगा. इसके अतिरिक्त कोविड-19 की पुनः संभावना को देखते हुए इस क्षेत्र में कार्य करने एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के अतिरिक्त फरवरी माह में पचमढ़ी में ब्रिगेड का कैंप लगाने पर सहमति व्यक्त की गई ।इसके साथ ही ब्रिगेड में सदस्यों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रयास करने का निर्णय लिया गया ब्रिगेड की इस बैठक में सचिव सादिक खान, देवेन्द्र कुमार, श्रीमती शीला सिंह,अनिल वानखेड़े, सचिन जैन, राज कुमार कोरी आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला नरसिंहपुर**

Email – monarsinghpur@gmail.com, modgmnar@mp.gov.in

कमांक/1540/खनिज/2022 नरसिंहपुर दिनांक 23/12/2022

म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए प्रथम सूचना।

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विभाष जैन आ0 श्री सुरेशचंद जैन निवासी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के द्वारा उत्खनिपट्टा नवीनीकरण करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन प्राप्त दिनांक 21.03.2022 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक ... 22/01/23 तक इस क्षेत्र पर यथास्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरणः–

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शास/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नरसिंहपुर | गोटेंगांव | सुकरी | 274, 275, 282 | 2.00 | शासकीय | पत्थर/गिट्टी | – |

1–उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।
2–यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांन्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो प्रथम अवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम ,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जावेगा।
3– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जावेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदन भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जावेगा।
4–यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदन के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पत्र विचार किया जा सकेगा।
5–निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाख, नरसिंहपुर

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला नरसिंहपुर**

Email – monarsinghpur@gmail.com, modgmnar@mp.gov.in

कमांक/1518/खनिज/2022 नरसिंहपुर दिनांक 23/12/2022

म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए प्रथम सूचना।

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र राय आ0 श्री बेनीप्रसाद राय निवासी कामथ वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के द्वारा उत्खनिपट्टा नवीनीकरण करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन प्राप्त दिनांक 05.06.2020 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 22/01/23तक इस क्षेत्र पर यथास्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरणः–

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शास/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नरसिंहपुर | गोटेंगांव | सुकरी | 279, 280 | 1.070 | निजी भूमि | पत्थर/गिट्टी | – |

1–उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।
2–यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांन्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो प्रथम अवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम ,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जावेगा।
3– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जावेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदन भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जावेगा।
4–यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदन के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पत्र विचार किया जा सकेगा।
5–निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा नरसिंहपुर



# सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में सिहरन बरकरार

**15 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंचा**

**भोपाल यशभारत।** वर्तमान में उत्तर भारत में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में सिहरन बरकरार है। इसी क्रम में बुधवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। छतरपुर में दूसरे दिन भी शीतलहर रही।

15 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने की संभावना है। जिसके चलते शनिवार से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में तेजी गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। छतरपुर में शीतलहर का प्रभाव रहा। न्यूनतम तापमान शहडोल संभाग के जिलों में विशेष रूप से गिरे, रीवा संभाग के जिलों में काफी गिरे एवं शेष संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ।न्यूनतम तापमान जबलपुर संभाग में सामान्य से काफी अधिक, इंदौर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक रहा। ग्वालियर एवं सागर संभाग के जिलों में सामान्य से कम एवं शेष संभागों के जिलों में सामान्य रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास बना हुआ है। उसके प्रभाव से गुरुवार से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी, वर्षा होने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के शनिवार को आगे बढ़ने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी होगा। इससे मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो सकता है। उधर वर्तमान में उत्तरी मध्य प्रदेश पर एक प्रति चक्रवात के बनने से हवाओं का रुख पूर्वी मध्य प्रदेश में तो उत्तरी बना हुआ है, लेकिन पश्चिमी मध्य प्रदेश में दक्षिण-पूर्वी हो रहा है। इससे न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# नकल रोकने के लिए बदलेगी व्यवस्था
# उच्च शिक्षा मंत्री नए निर्देश

**भोपाल,यशभारत। कॉलेज में एग्जाम के दौरान नकल रोकने के लिए अब सख्ती की जाएगी। मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने एग्जाम को लेकर नए निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं पर तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे की नजर रहेगी।**



परीक्षा में पारदर्शिता के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ परीक्षा कार्य में संलग्न शिक्षकों की ड्यूटी लगातार बदलने को कहा है। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग, जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थित महाविद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों की परीक्षा कार्य के लिए ड्यूटी एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में लगाई जाए। एक वर्ष यदि किसी शिक्षक की ड्यूटी किसी महाविद्यालय में लगाई जाती है तो आगामी वर्ष उसी महाविद्यालय में उनकी ड्यूटी फिर न लगाई जाकर अन्य महाविद्यालय में लगाई जाना सुनिश्चित हो। अनुदान प्राप्त महाविद्यालय में स्थापित परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक का कार्य शासकीय महाविद्यालय के शिक्षकों से ही कराया जाए। परीक्षा के कार्य में शिक्षकों की कमी होने पर शोधार्थियों से भी वीक्षकीय कार्य लिया जाए।

### नकल रोकेने के लिए सख्ती से हो पालन

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कार्यपालक अधिकारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की जाए और जिला स्तर पर पर्याप्त संख्या में उड़नदस्तों का भी गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर नकल से संबंधित प्रकरणों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाए।

## आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप मंत्रियों-अधिकारियों को बताएंगे शिवराज, दो जनवरी को बुलाई बैठक

**भोपाल,यशभारत।** नववर्ष के आगाज के साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने मंत्रियों और अधिकारियों को मिशन 2023 के तहत आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप मंत्रियों और अधिकारियों को सौंपेंगे। इसके लिए दो जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री आवास पर बैठक बुलाई गई है, जिसमें राजधानी में उपस्थित सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री शामिल होंगे, जबकि राजधानी से बाहर के मंत्री, सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक (रेंज), पुलिस आयुक्त और सभी पुलिस अधीक्षक वर्चुअल शामिल होंगे।मध्य प्रदेश में नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं, सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है। सरकार ने तय किया है कि नए साल का आगाज नए संकल्पों के साथ होना चाहिए, इसलिए धार्मिक यात्रा से मध्य प्रदेश लौटते ही मुख्यमंत्री मिशन 2023 की तैयारी में जुट जाएंगे। दो जनवरी की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मंत्रियों एवं अधिकारियों को बताया जाएगा कि उन्हें किस तरह से काम करना है, किन बातों को प्राथमिकता में रखना है ।





# माक ड्रिल में बंद मिले 34 आक्सीजन प्लांट

**32 में 90 प्रतिशत से कम मिली शुद्धता**

**भोपाल, यशभारत।** अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दावा कर रहे थे कि सभी आक्सीजन जनरेशन प्लांट क्रियाशील हैं, लेकिन मंगलवार को प्रदेश भर में हुई माकड्रिल में सच्चाई सामने आ गई है। कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर माकड्रिल में प्रदेश के 195 में से 34 प्लांट बंद मिले हैं। 32 प्लांटों में आक्सीजन की शुद्धता 90 प्रतिशत से कम मिली है। इसके अलावा कुछ अस्पतालों में आक्सीजन आपूर्ति का दबाव मापदंड के अनुरूप नहीं मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश भर में माकड्रिल की गई थी। अब यह रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जा रही है। बता दें कि ज्यादातर अस्पतालों में आक्सीजन जनरेशन प्लांट पीएम केयर फंड से लगाए गए हैं। संचालन के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था करने का काम राज्य सरकार का है। हर तीन महीने में माकड्रिल कर यह देखना है कि यह क्रियाशील हैं या नहीं, लेकिन कई जिलों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। जिलों में कोरोना मरीजों की संख्या कम होने के कारण अधिकारियों ने अनदेखी की। उधर, स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि माकड्रिल में छोटी-मोटी कमियां मिली हैं जिन्हें दुरुस्त कर लिया जाएगा।यह भी बता दें कि प्रदेश में 204 आक्सीजन जनरेशन प्लांट स्वीकृत हुए थे। इनमें 195 शुरू हुए थे। इनकी उत्पादन क्षमता 183 टन प्रतिदिन की थी, अगर सभी प्लांट चलें तो उत्पादन क्षमता बढ़कर अब 934 टन प्रतिदिन हो चुकी है। दूसरी लहर के दौरान एक दिन में सर्वाधिक 526 टन आक्सीजन की जरूरत पड़ी थी।

### पांच दिन से कोई नया मरीज नहीं मिला

कोरोना वायरस के नए सब वैरीएंट बीएफ-7 के संक्रमण की आशंका के बीच अच्छी खबर है कि प्रदेश में पिछले पांच दिनों से कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को 99 सैंपलों की जांच में कोई संक्रमित नहीं मिला। हर दिन 100 से 150 सैंपलों की जांच की जा रही है।

# मध्य प्रदेश के 19 नगरीय निकायों में मतदान 20 जनवरी को, क्षेत्र में आदर्श संहिता प्रभावशील

**भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 19 नगरीय निकायों का चुनाव कार्यक्रम बुधवार को घोषित कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मतदान 20 जनवरी को सुबह सात से शाम पांच बजे तक ईवीएम से कराया जाएगा।**



इन निकायों का कार्यकाल इसी माह पूरा हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर से चुनाव की सूचना का प्रकाशन किया जाएगा और नाम निर्देशन-पत्र लेने का क्रम शुरू होगा, जो छह जनवरी 2023 (दोपहर तीन बजे) तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच सात जनवरी को होगी और नौ जनवरी तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जाएगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा 23 जनवरी को सुबह नौ बजे से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन नगरीय निकायों में 343 वार्ड और 720 मतदान केंद्र हैं। जिन पर पांच लाख सात हजार 308 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें से दो लाख 60 हजार 301 पुरुष, दो लाख 46 हजार 969 महिला और 38 अन्य मतदाता हैं।

### यहां होने हैं चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि गुना जिले की नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर, बड़वानी जिले की बड़वानी, सेंधवा और धार जिले की धार, मनावर एवं पीथमपुर में चुनाव होगा। अनूपपुर जिले की नगर परिषद जैतहरी, खंडवा जिले की ओंकारेश्वर, बड़वानी जिले की खेतिया, पानसेमल, पलसूद, राजपुर, अंजड़ और धार जिले की नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी, राजगढ़, सरदारपुर और डही में चुनाव कराएं जाएंगे।

## स्कूली बच्चों को वीडियो के जरिए सिखाई जा रहीं बातें काम की, परीक्षा का डर होगा छूमंतर

**भोपाल,ईएमएस।** परीक्षा में बेहतर करने का दबाव बच्चों के लिए झेलना असहनीय होता जा रहा है। कुछ विद्यार्थियों को यह तनाव इस तरह परेशान करता है कि वे प८1ाई से दूरी बनाने लगते हैं। इस तरह के दबाव से बचाव के लिए विद्यार्थियों को एक सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। दुर्भाग्य से अधिकतर मामलों में ऐसा मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं होता। विद्यार्थियों के मनोविज्ञान से अंजान अभिभावक भी चाहकर कुछ खास मदद नहीं कर पाते लेकिन मप्र की आइएएस शीला दाहिमा ने इन विद्यार्थियों की मनोदशा को समझा और अपने काम के बीच समय निकालकर लाखों विद्यार्थियों के लिए कुछ ऐसा काम किया है, जिससे उन्हें परीक्षा के डर पर काबू पाने में मदद मिल सकती है।

शीला मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में अतिरिक्त सचिव हैं। उन्होंने विशेषज्ञों के सुझाव और अपने निजी अनुभवों को मिलाकर एक सीरिज तैयार की है, जिसका नाम च्बातें काम कीज्है। यह वीडियो फार्मेट में है जो नौ भागों में तैयार किया गया है, जिसमें से दो भाग माशिमं की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इन वीडियोज को विद्यार्थी व अभिभावक देखकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। बता दें कि माशिमं की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में इस वर्ष करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

## तबादला कराने वाले शिक्षकों का नाम डीडीओ के रिकार्ड में नहीं
## नवंबर का वेतन भी अटका

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के करीब 25 हजार शिक्षकों को नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। दिसंबर का वेतन भी समय से मिल पाएगा या नहीं, अभी कहा नहीं जा सकता है। दरअसल, अक्टूबर में तबादला होने के बाद शिक्षकों ने नए स्थान पर ज्वाइन कर लिया है, पर संबंधित स्थान के आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ) के रिकार्ड में उनका पद नहीं चढ़ाया है, जिस कारण वे उस स्कूल के शिक्षक नहीं माने जा रहे और पुराने स्कूल से वे रिलीव हो चुके हैं। इसलिए उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है।दिसंबर के अंत तक नवंबर माह का वेतन न मिलने से शिक्षक परेशान हैं, क्योंकि वेतन न मिलने से मकान, वाहन लोन की किस्त अटक गई है। किस्त के लिए बैंक के कर्मचारी लगातार तकादा कर रहे हैं। अन्य खर्चों के लिए भी उनके पास पैसे नहीं हैं। वे लगातार जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) से वेतन दिलाने की मांग कर रहे हैं। डीईओ ने भी आयुक्त लोक शिक्षण को इस संबंध में सूचित किया है। जानकार बताते हैं कि लोक शिक्षण संचालनालय स्तर से ही यह निर्णय लिया जाना है पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिक्षक या अन्य कर्मचारी का एक से दूसरे स्थान पर तबादला होता है, तो लोक शिक्षण संचालनालय को संबंधित स्कूल से शिक्षक का नाम काटकर उस स्कूल के रिकार्ड में जोड़ना होता है, जहां उसे भेजा गया है।

## भोपाल में खुला एनआइए का थाना, पूरे प्रदेश पर रखी जाएगी नजर

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को रोकने के मकसद से राष्ट्रीय जांच एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने एक नई पहल की है। मध्य प्रदेश में राष्?ट्रीय जांच एजेंसी ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। एजेंसी का भोपाल में जहांगीराबाद में थाना खोल दिया गया है। गृह विभाग ने मंगलवार को इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस थाने का संपूर्ण मध्य प्रदेश कार्यक्षेत्र रहेगा। थाने के लिए फिलहाल ओल्ड क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट बिल्डिंग दी गई है। स्थायी ठिकाना मिलने तक यह थाना यहीं काम करेगा।यहां यह गौरतलब है कि भोपाल में 13 मार्च 2022 को जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के कुछ आतंकी पकड़े गए थे।

## तीन वर्ष बाद शुरू हुई महापौर स्मार्ट पास की सुविधा
## 800 रुपये में महीने भर करें सफर

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में तीन वर्ष बाद एक बार फिर महापौर स्मार्ट पास की सुविधा शुरु हो गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय ने इसका शुभारंभ किया। स्मार्ट पास की सुविधा शुरु होने से यात्रियों को प्रतिमाह एक हजार से 1500 रुपये की बचत होगी। वहीं मूक-बधिर छात्रों के लिए निश्शुल्क पास उपलब्ध कराया जाएगा। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड द्वारा महापौर स्मार्ट पास दो श्रेणियों में जारी किए जाएंगे। इसके तहत 800 रुपये का पास लेने वाले यात्री शहर में किसी भी मार्ग पर और बस में यात्रा कर सकेंगे। जबकि 600 रुपये का स्मार्ट पास बीसीएलएल के आपरेटर बनाएंगे। इसमें केवल उसी मार्ग की बस में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि कोविड काल में लोक परिवहन व्यवस्था में समस्या आई थी, जिससे स्मार्ट पास की सुविधा बंद कर दी गई थी। अब नए सिरे से इसकी शुरुआत हो रही है। हालांकि कोविड से पूर्व 220 बसों का संचालन किया जा रहा था, जबकि वर्तमान में 360 बसें संचालित है। आने वाले समय में 29 बसें और बढ़ाकर 390 बसें करने का प्रयास किया जा रहा है।

# भोपाल के संत हिरदाराम नगर में होगा वंदे भारत का मेंटेनेंस

**बनेगा कोचिंग डिपो, इसी साल मिलेगी सुपर एक्सप्रेस**

**भोपाल ,यशभारत।** वंदे भारत एक्सप्रेस का मेंटनेंस संत हिरदाराम नगर में होगा। इसके लिए भोपाल रेल मंडल ने तैयारी शुरू कर दी है। गाड़ी के मेंटेनेंस के लिए यहां पर कोचिंग डिपो का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। इस डिपो तक ओएचई लाइन सहित अन्य जरूरी कामों को पूरा करने के लिए जल्दी ही काम शुरू होगा। इसे इस तरह बनाया जाएगा, जिससे ट्रेन सीधे कोचिंग डिपो तक आ सकेगी। बता दें कि मप्र को इसी साल पहली वंदे भारत ट्रेन मिलेगी, जो भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर हाल्ट लेकर चलेगी।



प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल इसी साल मार्च में हो सकता है। मार्च 2023 में भोपाल रेल मंडल को वंदे भारत ट्रेन के दो रैक मिल सकते हैं। बीना से इटारसी के बीच 248 किमी के ट्रैक पर ट्रायल के दौरान वंदे भारत को 160 किमी प्रति घंटा की गति से दौड़ाया जाएगा। इसलिए भोपाल रेल मंडल तेज रफ्तार से ट्रायल की तैयारियों को पूरा करने में लगा है। ट्रायल से पूर्व बीना और इटारसी के बीच गंजबासौदा, विदिशा, भोपाल, होशंगाबाद, इटारसी और कुछ अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा दीवार को बनाने का काम चल रहा है। भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद में सुरक्षा दीवार का काम काफी हद तक पूरा भी हो गया है, जबकि बीना, विदिशा और गंज बासौदा स्टेशनों के आसपास और रहवासी क्षेत्रों में अभी सुरक्षा दीवार का काम शुरू नहीं हो सका है।

मवेशियों का ट्रैक पर आना रुकेगा

तेज रफ्तार ट्रेनों के सामने अक्सर रेलवे ट्रैक पर मवेशी आ जाते हैं, जिसके कारण मेल और एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को रोकना पड़ता है। मवेशी आ जाने के कारण कई बार शताब्दी एक्सप्रेस को भी रोकना पड़ा है। कई बार मवेशी ट्रेन के सामने आकर जान गंवा बैठते हैं। मवेशियों के शव ट्रेन के नीचे फंस जाते हैं। इसके कारण ट्रेन अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचती है। सुरक्षा दीवार या बाड़ बनाने से मवेशियों का ट्रैक पर आना रुकेगा।

# कोरोना वापसी की आशंका से सतर्कता बढ़ी

**मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री फिर शुरू हुई**

**भोपाल, यशभारत।** चीन में कोरोना के बढ़ते मामले और भारत में इसकी दस्तक देने की खबर के बाद लोग सतर्क हो गए हैं। पिछले एक साल से मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री लगभग बंद हो गई थी। अब इसकी बिक्री फिर से शुरू हो गई है। कुछ संस्थानों ने मास्क लगाने पर फिर जोर देना शुरू कर दिया है। इस कारण लोग मास्क भी खरीद रहे हैं। दवा की दुकानों पर इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाओं की मांग भी बढ़ी है।



कोरोना की पहली लहर के समय बाजार में मास्क मिलना मुश्किल था। व्यापारियों ने भी इसका फायदा उठाया। पांच रुपये वाला मास्क 100 रुपये तक में बिका। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई तो बिक्री भी कम हो गई और भाव भी। दूसरी लहर के समय बड़ी संख्या में मास्क की आपूर्ति हुई। सर्जिकल मास्क के साथ कपड़े के मास्क भी बाजार में पहुंचे, जिससे भाव बेतहाशा नहीं बढ़ सके। इस बार भी यही स्थिति है। बाजार में सर्जिकल मास्क भरपूर मात्रा में पहुंच गए हैं। इसकी पूछपरख शुरू हो गई है। दवा व्यापारियों के अनुसार लोग सतर्क हैं। हर दुकान पर 10 से 20 मास्क रोज बिक रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार पुराने अनुभव से सबक लेते हुए लोग सतर्क हो गए हैं। लोगों को यह पता चल गया है कि संक्रमण से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। यही कारण है कि लोग प्रारंभिक तैयारी के रूप में मास्क पहन रहे हैं। कुछ सरकारी संस्थाओं ने मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। इस कारण भी बाजार में मास्क की पूछपरख बढ़ी है। थोक व्यापारियों ने नया स्टाक मंगा लिया है। सैनिटाइजर के नए पैक भी बाजार में आ गए हैं। व्यापारियों के मुताबिक कोरोना से बचने के लिए लोग स्वप्रेरणा से इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाएं खरीद रहे हैं। विटामिन बी काम्पलेक्स, जिंक एवं विटामिन डी युक्त दवाओं की मांग बढ़ गई है। आयुर्वेदिक च्यवनप्राश भी मांगा जा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर के समय थर्मामीटर, आक्सिमीटर आदि की मांग भी बहुत बढ़ गई थी। इस बार अभी तक इसकी मांग नहीं है। दवा व्यापारी संतोष जेठानी के अनुसार सामान्य सर्जिकल मास्क पांच से 10 रुपये में बेचा जा रहा है।

### चांदाफोर्ट ट्रेन के ठहराव बढाने व ट्रेनों के कोचों में लिखे अनेक नाम आवश्यक कार्यवाही होगी

# वित्त वर्ष में 217 लाख यात्रियों से 519 करोड़ रूपए यात्री आय प्राप्त

**जबलपुर मंडल के 15 स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होंगे**



**जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 में अनेक उपलब्धिया अपने नाम पर की गई है जिससे की मंडल में यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधाए निरंतर प्राप्त हो रही है अब जल्द ही रेलवे बोर्ड द्वारा घोषित की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जबलपुर मंडल के 15 स्टेशनो को शामिल किया गया तथा जबलपुर एवं सतना स्टेशन को विश्व स्तर के स्टेशन बनाने के लिए इन स्टेशनो का विकास तीव्र गति से किया जायेगा इसके साथ ही कोविड को लेकर सरकार की गाइड लाइन का पालन करने के लिए हे जबलपुर रेल मंडल पूरी तरह तैयार है.**

उक्त आशय की जानकारी मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने मंडल कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही. श्री शील ने बताया की जबलपुर शहर के शीला टाकीज रोड पर रेलवे के दुसरे पुल के चौड़ी करण का कार्य मई 2023 में पूर्ण कर लिया जायेगा जिससे की सड़क यातायात में सुधर होगा इसी तरह मदन महल स्टेशन के विकास का कार्य निरंतर जारी है तथा स्मार्ट सिटी द्वारा केबिल ब्रिज निर्माण के पश्चात स्टेशन का विकास एवं भव्य स्वरुप देखने को मिलेगा .

डी.आर.एम. श्री शील ने बताया की इस वित्त वर्ष में अब तक मंडल ने 217 लाख यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में 519 करोड़ रूपए यात्री आय में तथा 2743 करोड़ रूपए माल भाडा आय में अर्जित किया है इसके साथ ही टिकिट चेकिंग में 45 करोड़ रूपए की आय बिना टिकिट एवं अनियमित यात्रियों से बसूल की गई है. इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने मंडल में टिकिट सुविधा, यात्री सुविधा, नई यात्री गाड़ियों का परिचालन, कोचों में वृद्धि, स्टेशनो का पुनर्विकास, मंडल के 9 के स्टेशनो को मिला ईट राईट के प्रमाण पत्र रेल ओवर ब्रिज के निर्माण, गतिशीलता हेतु प्रयास, स्वछता, यात्री सरंक्षा, यात्री सुरक्षा, एक स्टेशन एक उत्पाद तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रसारित विभिन्न योजनाओ के प्रचार प्रसार एवं रेलवे के संलिप्ता की जानकारी दी. पत्रकार वार्ता में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के साथ ही मंडल के शाखा अधिकारी डा. मधुर वर्मा, मनीष पटेल, रोहित सिंह रघुवंशी, देवेश सोनी भी उपस्थित थे.

पत्रकार वार्ता में अधिकारीयों ने बताया की अमृत स्टेशन योजना के तहत मंडल के , कटनी, मुडवारा, कटनी साउथ सागर, दमोह, नरसिंहपुर, पिपरिया, गाडरवारा, श्रीधाम, करेली, रीवा, सिहोरा ब्यौहारी,मैहर बरगवां, स्टेशन पर यात्री सुविधाओ के अनुकूल विकास के कार्य प्रारम्भ किये जायेगे इस अवसर पर सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर - चांदाफोर्ट ट्रेन के ठहराव बढाने एवं ट्रेनों के कोचों में उनके प्रारम्भिक एवं गंतव्य स्टेशनो के ही नाम लिखे जाने के सुझाव पर ही आवश्यक कार्यवाही किये जाने की जानकारी दी गई.

## राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने जबलपुर के ताइक्कांडो खिलाड़ी बिलासपुर रवाना

**जबलपुर यशभारत।** मध्यप्रदेश ताइक्कांडो यूनियन के अध्यक्ष मिलन मुखर्जी ने बताया कि 5वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जबलपुर शहर के 15 खिलाड़ी मध्यप्रदेश टीम दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 29 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक साइंस कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल सरकंडा बास्केटबॉल इंडोर हॉल बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रही है। मध्यप्रदेश टीम का कोच जयराज चौधरी को नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय स्पर्धा में रैफरी शिवानी बेन को प्रतियोगिता हेतु आमंत्रित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में मानवराज यादव, हार्दिक कोरी, वैभव श्रीवास्तव, कार्तिक यादव, आभास पारस, अरमान पारस, मानवी यादव, शशांक यादव, मोहित यादव, तेजस्विनी भलावी, अंशिता रॉय, अमिक्षा रॉय, कृतिका खियानी, मिताली यादव शामिल है।

## अंतर संभागीय अण्डर-15 एमएम जगदाले ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता


**जबलपुर ने शहडोल संभाग को 5 विकेट से रौंदा**

**जबलपुर,यशभारत।** नीमखेड़ा मैदान में आयोजित अंतर संभागीय अण्डर- 15 एमएम जगदाले ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर ने शहडोल संभाग को 5 विकेट से पराजित किया। जेडीसीए सचिव धर्मेश पटेल के अनुसार पहले बल्लेबाजी करते हुए शहडोल संभाग ने पहली पारी में श्रजल धवात की 83 रन की नाबाद पारी की बदौलत 148 रन बनाए। जबलपुर संभाग से सुमित सिंह ने 4 तथा आर्य चौबे ने 3 विकेट लिए। जबलपुर संभाग की पहली पारी 126 रन पर सिमट गई। शलभ वर्मा ने 28, तनिष्क यादव व मलय लोहिया ने 19-19 रन का योगदान दिया। पहली पारी में 22 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने के बाद शहडोल संभाग दूसरी पारी में सुमित सिंह की घातक गेंदबाजी के सामने 114 रनों पर सिमट गया। शिशेष पांडे ने 23 तथा सैविक सोनी ने 20 रन बनाए। जबलपुर संभाग से सुमित सिंह ने 17 ओवरों में 41 रन देकर 6 विकेट तथा मलय लोहिया ने 3 विकेट लिए। जीत के लिए 137 रनों के लक्ष्य को जबलपुर संभाग ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मलय लोहिया ने नाबाद 65, तनिष्क यादव ने 24 तथा यश रजक ने 23 रन बनाए। शहडोल संभाग से उमंग केसरवानी ने 4 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संयुक्त रूप से सुमित सिंह तथा मलय लोहिया को प्रदान किया गया।

## अब पेंशन की तरह मानार्थ पास में भी मिलेगी तीन महीने तक की छूट

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने सेवारत और सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों को मानार्थ पास के मामलों में 20 साल की अनिवार्य समय सीमा में तीन माह की छूट दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाप्रबंधक की ओर से रेलवे बोर्ड को लिखे गए पत्र में पेंशन मामलों में दी जा रही छूट की तरह ही मानार्थ पास में भी छूट देने का प्रावधान करने के लिए अनुरोध किया गया था जिसे रेलवे बोर्ड ने मान लिया है। रेल मंत्रालय के इस निर्णय से संपूर्ण भारतीय रेलवे के रेल कर्मचारियों को मानार्थ पास में अब तीन माह तक की छूट मिलने लगेगी। और 20 साल की पूरी सेवा अवधि की अनिवार्यता खत्म हो गई है।पश्चिम मध्य रेलवे में सेवारत एवं सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों समस्याओं के निराकरण हेतु नवाचार प्रयोग करते हुए प्रत्येक महीने में दो बार मीटिंग आयोजित की जाती है। इस दौरान यथासंभव प्रयास किए जाते हैं कि सेवारत एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों समस्याओं का एक निश्चित समयावधि में विद्यमान नियमों के तहत निराकरण कर दिया जाए।

## आकर्षण का केंद्र बना हैप्पी मेला



**जबलपुर यश भारत।** फोटोजर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हैप्पी मेले का आयोजन इस वर्ष भी आपके शहर गोल बाजार शहीद स्मारक में मनोरंजन हेतु उपलब्ध है जिसमें आकर्षक झूले ब्रेक डांस हवाई झूला ड्रैगन कास्टर कास्टर सिलरैंबो चेरोप्लेन सुपर डुपर कैटरपिलर एवं बच्चों के अनेक झूले एडवेंचर स्पोर्ट्स मुख्य आकर्षण का केंद्र है साथ ही स्वादिष्ट भोजन में मालवा का प्रसिद्ध व्यंजन उज्जैन की मटका कुल्फी साउथ इंडियन डिश तथा भारत के विभिन्न स्थानों से आए घरेलू उपयोगी वस्तु तथा कलात्मक लकड़ी से निर्मित खिलौने एवं सज्जा का सामान आपकी खरीदी के लिए उपलब्ध है यह मेला आपके लिए 8 जनवरी तक उपलब्ध रहेगा

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस की कीमतों की घोषणा की

**बैंगलोर, एजेंसी।** टोयोटा किर्लोस्करमोटर (टीकेएम) ने अपनी नई इनोवा हाईक्रॉस की बहुप्रतीक्षित कीमतों की घोषणा की। टोयोटा का नया वाहन रुपये 18,30,000 से 28,97,000 रुपये (एक्स-शोरूम) तक के मूल्य वर्ग में उपलब्ध है।टोयोटा की ओर से इस बिल्कुल नई पेशकश का अनावरण नवंबर 2022 में किया गया था और तभी बुकिंग शुरू की गई थी। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित यह नवीनतम पेशकश टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता पर खरी उतरती है और उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित है। विविधतापूर्ण इनोवा हाईक्रॉस अपने ग्लैमर कोटेंट, उन्नत तकनीक, आराम के साथ-साथ सुरक्षा और ड्राइव करने के रोमांच के कारण हर अवसर के लिए एक बिल्कुल उपयुक्त वाहन है। इस प्रकार अकेले या दोस्तों और परिवार के साथ यात्रा करने के लिए उपयुक्त है। सेल्फ (स्व) चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक तकनीक के साथ सेगमेंट ईंधन दक्षता में सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के साथ, इनोवा हाईक्रॉस को एक हरित कल के लिए एक बुद्धिमान विकल्प बनाता है।

## 2 अम्पायर की रेस में नगर के ज्योतिष पांडेय



**जबलपुर,यशभारत।** बीसीसीआई द्वारा आगामी रणजी एवं अन्य बोर्ड ट्रॉफी के लिए अम्पायर की तलाश शुरू की जा चुकी है। इसके लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए नगर के पूर्व बीसीसीआई खिलाड़ी ज्योतिष पांडेय का चयन किया गया है। हाल में एमएपीसीए इंदौर में अंपायर की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमे ऑब्जर्वर नितिन मेनन इंटरनेशनल अंपायर एवं राजीव रिसोड़कर रहे। बीसीसीआई द्वारा आगामी परीक्षा जनवरी माह में अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। बीसीसीआई द्वारा उन खिलाड़ियों को सीधा लेवल-2 की अम्पायरिंग सूची में समलित किया गया था, जिन्होंने बीसीसीआई के कम से कम 10 मैच का प्रतिनिधित्व किया हो। इस उपलब्धि पर जेडीसीए अध्यक्ष निशित पटेल, सचिव धर्मेश पटेल, पवन सिंधिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मप्र की कुश्ती टीम का चयन कल

**जबलपुर यशभारत।** 5 से 8 जनवरी तक लाल बहादूर शास्त्री स्टेडियम हैदराबाद में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ द्वारा 51वीं हिन्द केसरी एवं सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा आयोजित की जा रही है जिसमें भाग लेने वाली मप्र टीम की चयन ट्रायल 30 दिसंबर को प्रातः 10-00 बजे से धनपत सिंह पूरन सिंह उस्ताद पंचायती अखाड़े में आयोजित की जा रही है। ट्रायल 55 , 60 , 65 , 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा, 85 किग्रा, 90 किग्रा एवं 84 से 130 किग्रा में होगी। हिन्द केसरी टाइटल में प्रत्येक राज्य ईकाई से 2 पहलवान हिस्सा ले सकेंगे। उक्त जानकारी इण्डियन स्टाईल कुश्ती में संघ के महासचिव अर्जुन यादव ने दी है।

## विधायक ने 964 हितग्राहियों को किया लाभान्वित एवं पुलिया निर्माण का किया भूमिपूजन



**बेल खाडू , यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत पाटन विधानसभा के ग्राम पंचायत बिलखरवा में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जिसमें राशन परची 57, भवन सन निर्माण कार्ड 9 उज्जवला गैस 4 आयुष्मान कार्ड 357,पेंशन स्वीकृति 7, पशुपालक कार्ड12 संबल कार्ड 37 एवं 481 लोगों को पट्टा वितरण किए गए आदि योजनाओं के,तहत 964 हितग्राहियों को कार्ड व प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया वही ग्राम बिल खरवा में 3 लाख 77 हजार की लागत से बनने वाली ग्राम की पुलिया निर्माण का भूमि पूजन किया गया कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र ठाकुर उदय भान सिंह ठाकुर जगमोहन उपाध्याय मनोहर दुबे शिव पटेल आनंद मोहन पल्हा आशीष गोटिया जतिन उपाध्याय मदन तिवारी ग्राम पंचायत सचिव राजेश यादव सरपंच दीपक झारिया साहिल पटेल शैलेश साहू गुरुदास बर्मन सुनील पटेल संजय पटेल उमाशंकर सेन प्रकाश पटेल शिवम पटेल बसंत पटेल पिंटू सेन आदि उपस्थित रहे।

## पथरहां कुआं पर हो रही भागवत का समापन, भंडारा आज



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव शहर के मध्य स्थित पथरहां कुआं के विवेकानन्द चौक पर विगत 22 दिसम्बर से सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चलते आज अंतिम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास श्रद्धेय श्याम सुंदर जी(बृजवासी)श्रीधाम वृंदावन वालों ने अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा के चलते आज सातवे दिन सुदामा चरित्र,और श्री शुकदेव महाराज की विदाई का श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर रहे भक्तों को रसपान कराया।साथ ही कथा विश्राम के साथ ही हवन और पूर्णाहुति करके सात दिन से चल रही उक्त कथा का समापन हुआ।आज 29 दिसम्बर दिन गुरुवार को भंडारा एवं महाप्रसाद का भक्तों को वितरण कराया जाएगा।इस अवसर का लाभ लेने सकल भक्तों से समस्त नामदेव परिवार कूंडा वालों ने अपील की है।स्मरण रहे कि पथरहां कुआँ पर इस श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने दूर दराज क्षेत्र एवं नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र से भी जनता और भक्त लोग पहुंच रहे हैं।

## आंगनवाड़ी के बच्चो को किया जर्सी का वितरण



**सिहोरा, यशभारत।** हरगढ़ माल गुजार पूर्व गहोई वैश्य पंचायत अध्यक्ष गिरधर सरावगी ने प्रतिवर्ष की तरह इस बर्ष भी भीषण ठंड से राहत दिलाने ऊनी वस्त्र एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया। विदित हो मालगुजार द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया जाता है इस वर्ष आंगनबाड़ी में अध्ययनरत नन्हे-मुन्ने बच्चों को ऊनी जर्सी तथा आंगनवाडी सहायक एवं कार्यकर्ता सहित अन्य जरूरतमंदों को शाल एवं कंबल भेंट किए।आयोजन को सफल बनाने में श्रीमति गीता सरावगी,इजी पूनम,पारुल,अनुराग सरावगी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी के प्रथम नगर आगमन पर जोरदार स्वागत

**जबलपुर, यशभारत।**अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमिता मिश्रा और जिला अध्यक्ष गीता दुबे के नेतृत्व में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की बहनों के द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी के प्रथम नगर आगमन पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी द्वारा ब्राह्मणों संगठन के विस्तार और एकता को बढ़ावा देने के लिए के लिए प्रदेश दौरे पर निकली है। प्रदेश दौरे के दौरान प्रदेश अध्यक्ष का छठवा जबलपुर दौरा है जहां पर वह बुधवार 28 दिसम्बर को जनजागृति विद्यालय में पहुंची। इसमौके पर सभी अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर जनजागृति विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजागृति विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से प्रतिभावान बच्चों को अपनी ओर से बच्चों को मेडल प्रदान किए गए।

अभा ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित



अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी मोर्चा की महिलाओं ने एकता एवं अखंडता की शपथ ली। इसके साथ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्तियों को जागरूक करने के लिए बेटियों को स्वावलंबी बनाने चाहिए। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने अभा ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की मीटिंग ली एवं पदाधिकारियों को संगठन के विस्तार के लिए संगठन के विकास के लिए प्रेरित किया गया। नारी शक्ति व ब्राम्हण समाज को आगे बढ़ाने में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अनेक किए जा रहेप्रदेश उपाध्यक्ष सुमिता मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष सावित्री तिवारी के मार्गदर्शन में संपूर्ण मध्यप्रदेश में नारी शक्तियों व ब्राम्हण समाज को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है। उनके मार्गदर्शन में हम सभी बहने मिलजुलकर मध्यप्रदेश को मजबूत करने में अपना योगदान दे रही हैं।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुमिता मिश्रा, जिला अध्यक्ष गीता दुबे, संगीता तिवारी, नीलम उपाध्याय, रमा उपाध्याय, सरिता पांडे, मनीषा मिश्रा, शैलजा तिवारी , शुभा दुबे, सुधा अवस्थी, रजनी, भारती, रेखा ओझा और चंद्र दिक्षित सहित आदि संगठन की बहने उपस्थित रही।



## कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस मनाया

**बरगी, यशभारत।** आज पूरे देश की तरह ग्राम बरगी में भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस की स्थापना का 138 वर्ष पूर्ण होने पर बड़े ही उत्साह से मनाया गया ।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महंत दयानंद गिरी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष चौकसे,महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आराधना शर्मा , उपसरपंच शीतल गिरी द्वारा कांग्रेस की नीति रीति ,उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही बताया गया कि आगामी समय मे कांग्रेस का हाथ जोड़ो कार्यक्रम भी प्रारम्भ किया जावेगा ओर संगठन की मजबूती पर भी काम किया जाएगा । इस अवसर पर पंकज परस्ते ,अनीता यादव , मीना दुबे, नीरज पटेल, आकाश यादव आदजन भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन दुर्गाशंकर पांडेय ने किया ।

## सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव की चार दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य समापन

### नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) ने आभार व्यक्त किया।



**गोटेगांव, यशभारत।** सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा अपने 39 वें सोपान में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अतिथियों एवं दर्शकों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। परंपरागत खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पर सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल( मुन्ना भैया) ने कहा कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव, प्रोत्साहन एवं सामंजस्य का एक मंच है जिसे प्रभावी बनाने में क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग यह तो हम हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेलों के प्रतिभागियों को अवसर देने के लिए यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखता है। पूरा गोटेगांव इस विराट आयोजन की मेजवानी करता है, तीन पीढ़ियों के प्रतिनिधित्व का यह आयोजन हमेशा से युवाओं के सहयोग का आह्वान करता रहा है। खेल एवं मैदान से जोड़कर युवाओं में समाज निर्माण की भावनाओं को जागरूक किया जा सकता है। श्री पटेल ने कहा किइस आयोजन में खेल के साथ संस्कृति, मानव सेवा, कृषक कल्याणको जोड़े रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। खेल प्रतिभाओं के उन्नयन के लिए हमारा प्रयास हमेशा जारी रहेगा।प्रांत स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता के विजेता- आयोजन के 39 वें सोपान में प्रांत स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता में संभाग की 128 टीमों ने भाग लिया था जिनमें ग्राम वासनपानी से श्री राजकुमार टीकाराम ने प्रथम, सुखदेव नोकेलाल (जमुनिया) द्वितीय, राजाराम कैलाश परसवार (गोहंचर) तृतीय विजेता रहे।इसी प्रकार शालेय बालिका कबड्डी का फाइनल वीरांगना क्लब गाडरवारा एवं नरसिंहपुर अकैडमी के बीच खेला गया जिसमें नरसिंहपुर की टीम विजेता एवं गाडरवारा की टीम उपविजेता रही। शालेय बालिका कबड्डी में नरसिंहपुर की अमीषा को बैस्ट रैडर, नरसिंहपुर की सुरभि को बेस्ट कैचर एवं गाडरवारा की प्रियांशी कौरव को बेस्ट ऑलराउंडर के पुरस्कार से नवाजा गया।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की बैठक एवं स्थापना दिवस संपन्न

**सिहोरा, यशभारत। अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को प्रारंभ करने हेतु ब्लाक कॉग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमे बताया गया कि राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित देशवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें कार्यकर्ता मतदान केन्द्र एवं गाँव-गाँव में जाकर पार्टी की रीति नीति एवं वर्तमान की केन्द्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन को अवगत करायेंगें।**

सफल बनाने सभी कार्यकर्ता ब्लाक के मण्डलम व सेक्टर स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर गाँव-गाँव जाने की रुपरेखा तैयार करेंगे । साथ ही ब्लाक की कस्बा बस्तियों में आमसभा आयोजित कर केन्द्र व राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर किया करेंगे

इसी तरह काग्रेंस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस भी मनाया गया जिसमें सभी पार्टी जनों ने कॉग्रेस के इतिहास को याद करते हुए आने वाले चुनाव में पार्टी की विजय श्री का संकल्प लिया। बैठक को म. प्र. कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना मरावी,पूर्व विधायक नन्हें लाल धुर्वे, जनपद सदस्य राजकुमार पटैल,विनोद पटैल,शिवचरण कुशराम, सरपंच शिव कुमार पटैल, विजय पटैल,पार्षद राजेश चौबे, श्रीमती अलका डेंगरे, ब्लाक कॉग्रेस अध्यक्ष प्रवीण पाठक ने संबोधित किया । कार्यक्रम में पूर्व पार्षद बिहारी पटैल,शंकर वंशकार, आलोक पाण्डे,मंसूर मंसूरी, कार्यवाहक अध्यक्ष जगदीश सैनी, नारायण पटैल,लाल बहादुर पाठक, नीरज पाठक,नवीन शुक्ला,राहुल पाण्डे, डॉ. कोमल श्रीवास,सुशील पाण्डे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# क्या हमेशा के लिए टी20 से गई रोहित शर्मा की कप्तानी

**नई दिल्ली,ईएमएस।** श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गई है। टी20 सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि वनडे सीरीज की अगुवाई रोहित शर्मा करेंगे। रोहित बांग्लादेश दौरे पर चोटिल हुए थे जिसके कारण वह टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाए। हालांकि यह उम्मीद की जा रही थी कि श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से रोहित वापसी कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या बीसीसीआई ने टीम इंडिया में बड़े बदलाव की शुरुआत कर दी है? जिसके कारण रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टी20 सीरीज में कप्तानी सौंपी गई है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब कप्तानी को लेकर टीम में इस तरह का बदलाव हुआ है। विराट कोहली ने जब कप्तानी रोहित शर्मा को सौंपी उसके बाद से ही लगातार टीम के नेतृत्व को लेकर प्रयोग किए जा रहे हैं। यही कारण है कि इस दौरान कभी केएल राहुल, तो कभी जसप्रीत बुमराह। कभी शिखर धवन तो कभी ऋषभ पंत को अलग-अलग फॉर्मेट में कप्तान बनाया गया। इस प्रयोग का हिस्सा हार्दिक भी रहे जब उन्हें आयलैंड दौरे पर पहली बार नेशनल टीम की अगुवाई करने का मौका मिला था।



## टी20 में रोहित शर्मा की कप्तानी

यूएई में खेले गए टी20 विश्व कप 2021 के लीग स्टेज से बाहर होने के टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपना पद छोड़ दिया था। इसके बाद रोहित शर्मा को टीम की कमान मिली। रोहित शर्मा नवंबर 2021 से टी20 फॉर्मेट में टीम के नियमित कप्तान बने। इस दौरान उनकी कप्तानी में टीम इंडिया का रिकॉर्ड काफी बेहतरीन रहा। भारत 2021 से उनकी कप्तानी में कुल 32 मैच खेली जिसमें उसे 24 में जीत मिली जबकि सिर्फ 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इसके बावजूद रोहित की कप्तानी की सबसे बड़ी असफलता एशिया कप और टी20 विश्व कप के फाइनल में नहीं पहुंच पाने का रहा। शानदार रिकॉर्ड के बावजूद रोहित को इसका मलाल जरूर रहेगा। वहीं रोहित के ओवरऑल कैप्टन्सी रिकॉर्ड पर नजर डाले तो उन्होंने कुल 51 टी20 मैचों में भारत की अगुवाई की है, जिसमें से 39 में टीम को जीत मिली जबकि 12 में हार। ऐसे में इस रिकॉर्ड देखे तो किसी भी तरह से यह खराब नहीं कहा जा सकता है।

## वनडे और टेस्ट में रोहित की कप्तानी

टी20 के अलावा रोहित शर्मा भारत के लिए वनडे टेस्ट में भी नियमित कप्तान है। हालांकि चोटिल होने के कारण वह कम ही मुकाबलों में टीम का नेतृत्व कर सके हैं। वनडे में उनकी कप्तानी पर नजर डालें तो वे 18 मैचों में अगुवाई जिसमें टीम को 13 में जीत मिली और सिर्फ मैच में हार। इसके अलावा टेस्ट रोहित ने सिर्फ दो मैचों में कप्तानी है और दोनों में ही टीम इंडिया को जीत मिली है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का है इंतजार

हालांकि यह आधिकारिक तौर पर नहीं कहा जा सकता है और ना ही बीसीसीआई ने टी20 में कप्तानी को लेकर कोई अपडेट दिया है। चुकि रोहित कप्तान हैं और उनकी गैरमौजूदगी में उप कप्तान ही टीम की अगुवाई करते हैं। ऐसे में यह तभी साफ हो पाएगा जब न्यूजीलैंड की टीम भारत आएगी। भारत को श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड से लिमिटेड ओवरों की सीरीज में भिड़ना है। इस सीरीज में अगर बीसीसीआई रोहित की जगह हार्दिक को ही टी20 में कप्तान बनाए रखता है तो यह साफ हो जाएगा कि इस फॉर्मेट में अब उनका पत्ता कट गया है। इसके बावजूद अब ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई अब रोहित को सिर्फ वनडे और टेस्ट में कप्तानी देने के मूड में है। वहीं टी20 जैसे फॉर्मेट में एक नई टीम तैयार करने की मंशा से हार्दिक को पूरी तरह से कमान सौंपी जा सकती है। ऐसे में यह जानना भी जरूरी है कि टी20 में रोहित की कप्तानी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है, जिसके कारण बीसीसीआई को अब यह कठोर फैसला लेना पड़ रहा है।

# भारी कंफ्यूजन... जवाब से ज्यादा सवाल, टीम इंडिया के चयन के बाद हर किसी के मन में ये 5 बड़ी दुविधाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ यूं तो टी20 और वनडे सीरीज को लेकर शायद क्रिकेट प्रेमियों में बहुत ज्यादा उत्साह नहीं होता लेकिन भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम के चयन में कुछ ऐसे फैसले लिये, जिससे अचानक ही इस सीरीज में भी गरमाहट आ गई है। पहला सवाल तो यही है कि आखिर जो चयनसमिति तथाकथित रुप से भंग कर दी गई थी, उसे ही नये साल की पहली सीरीज के लिए टीम को चुनने की जिम्मेदारी क्यों दी गई? बहरहाल, अभी ऐसा कहा जा रहा है कि 29 दिसंबर को क्रिकेट सलाहकार समिति मुंबई में बैठक करेगी और नई चयनसमिति के गठन पर भी फैसला होगा। अगर ऐसा है तो भारतीय क्रिकेट से जुड़े संवेदनशील और अहम मुद्दों पर पुरानी चयनसमिति ने इतने बड़े फैसले कैसे कर लिये? श्रीलंका के खिलाफ इस टीम चयन के बाद हर किसी के दिमाग में कई सवाल उठ रहे हैं। इसका जवाब न तो चयनकर्ताओं ने दिया है और न ही बीसीसीआई की तरफ से आधिकारिक बयान आया है। आईए जानते हैं कि कौन से बड़े सवाल लोगों के मन में उठ रहे हैं।



**नंबर 1-** क्या चेतन शर्मा और उनके साथियों को ये तय करने का अधिकार है कि टी20 में भविष्य में विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह नहीं होगी? अगर इन दोनों को श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से आराम दिया गया है तो ये बताया क्यों नहीं गया?

**नंबर 2-** क्या केएल राहुल अब फिलहाल पूरी तरह से भविष्य के कप्तानी के दौड़ से बाहर हो गये हैं? यहां तक कि टी20 में भी उनकी जगह नहीं बनती है और मुमकिन है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब चार मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू हो तो बांग्लादेश दौरे पर जाने वाले टेस्ट कप्तान को टीम में ही जगह ना मिले।

**नंबर 3-** क्या शिखर धवन का इंटरनेशनल करियर खत्म हो गया है? वो सिर्फ इसलिए कि क्योंकि उनकी जगह युवा ईशान किशन ने दोहरा शतक लगा दिया था। या धवन का लंबे समय तक खराब फॉर्म में चलना वजह है। या फिर शुभमन गिल उनके बेहतर विकल्प है? सवाल तो काफी हैं लेकिन चयनकर्ताओं की तरफ से जवाब एक भी नहीं आया।

**नंबर 4-** धवन की ही तरह क्या दिनेश कार्तिक, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रण अश्विन की भी सफेद गेंद की क्रिकेट से हमेशा के लिए छुट्टी हो गई है? क्या मोहम्मद शमी का भी टी20 करियर खत्म हो चुका है और सिर्फ उन्हें वनडे वर्ल्ड कप के लिए योजनाओं में शामिल रखा जा रहा है?

**नंबर 5-** सबसे ज्यादा बहस हुई ऋषभ पंत को लेकर है। शुरू में ये कहा गया कि पंत को सफेद गेंद की टीम से बाहर कर दिया गया लेकिन फिर दूसरी तरफ से बीसीसीआई के कुछ अधिकारियों ने अनौपचारिक तौर पर ये बताया कि पंत अगले 2 हफ्ते नेशनल क्रिकेट एकेडमी , बैंगलोर में फिटनेस की दुरुस्त करने के लिए होंगे। लेकिन सवाल अब भी वहीं का वही खड़ा है। क्या पंत को सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में मैच विनर के तौर पर देखा जा रहा है और सफेद गेंद में फिलहाल ईशान किशन-संजू सैमसन और केएल राहुल की तिकड़ी बारी-बारी से अपना दावा पेश करेंगे। कहने का मतलब ये है कि विकेटकीपर को लेकर चल रहा म्यूजिकल चेयर का खेल अभी भी चलता ही रहेगा। बहरहाल, ये 5 सवाल तो सबसे अहम थे जिनकी चर्चा हमने अभी की है लेकिन आने वाले कुछ दिनों में चयन से जुड़े कुछ और मुद्दे है जिसपर निश्चित तौर पर पूर्व कप्तानों और पूर्व खिलाड़ियों की बेबाक राय इस बहस को इस सर्दी में और गरमाहट देगी।

# RCB के पूर्व बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस में मिली बड़ी जिम्मेदारी, कीरोन पोलार्ड की करेंगे मदद



**मुंबई, ईएमएस।** मुंबई पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ) ने अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 सीजन से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। अरुण कुमार मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे। कीरोन पोलार्ड टीम के बल्लेबाजी कोच हैं और जगदीश उनका साथ देंगे। शेन बांड और जेम्स पेंमेंट क्रमशः गेंदबाजी और फील्डिंग कोच हैं। वहीं हेड कोच की जिम्मेदारी मार्क बाउचर के पास है।

### आरसीबी के लिए खेल चुके

अपने खेलने के दिनों में 47 साल के अरुण कुमार दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज थे। उन्होंने 100 से ज्यादा प्रथम श्रेणी मैचों में 7208 रन बनाये हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 1993 से 2008 तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया था। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का हिस्सा भी रह चुके हैं। आईपीएल 2008 में उन्होंने टीम के लिए तीन मुकाबले खेले थे। हालांकि उन्हें कभी टीम इंडिया के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।

### कोचिंग में कमाल कर चुके

क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने कोचिंग की तरफ रुख किया और उन्हें तुरंत सफलता मिली। अरुण कुमार कर्नाटक टीम के बल्लेबाजी कोच थे जब उसने 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी के खिताब लगातार जीते थे। अरुण कुमार की कोचिंग में आईपीएल भी शामिल है। उन्होंने 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया था। घरेलू क्रिकेट में वह हैदराबाद टीम के साथ काम कर चुके हैं और 2019-20 सत्र में पुडुचेरी के प्रमुख कोच रहे थे। अरुण कुमार ने 2020 से दिसंबर 2022 तक अमेरिका की पुरुष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच के रूप में भी काम किया था।

### अंतिम नंबर पर रही थी मुंबई

आईपीएल 2021 में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर थी। इस बार टीम ने ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीज को नीलामी में खरीदा है। इसके साथ ही चोटिल जोफ्रा आर्चर भी वापसी करेंगे। इसी वजह से टीम को नए सीजन में बड़ा दावेदार माना जा रहा है।

# विवेक अग्निहोत्री ने बेशरम रंग को बताया रेप के लिए उकसाने वाला लोग बोले- पाखंडी अपनी हेट स्टोरी भूल गए?

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री को आप जानते होंगे। वही कश्मीर फाइल्स वाले। चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर थू-थू भी हो रही है। क्योंकि इन्होंने इस बार काम ही कुछ ऐसा किया है। लोग इनकी पुरानी बातें और पुरानी फिल्में खोद-खोदकर निकाल रहे हैं। हुआ ये है कि इन्होंने एक ट्वीट किया है। जिसमें एक वीडियो अटैच्ड है। एक तरफ शाहरुख खान की फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग चल रहा है और दूसरी तरफ एक 12-14 साल की लड़की कुछ बोल रही है। सॉरी। बोल नहीं रही, बल्कि उस गाने को रेप के लिए उकसाने वाला बता रही है। दरअसल, विवेक अग्निहोत्री ने ट्वीट कर लिखा- वॉर्निंग, येवीडियो बॉलीवुड के खिलाफ है। मत देखिए अगर आप सेक्युलर हैं। 1 मिनट 56 सेकेंड वाले वीडियो में एक लड़की आती है और कहती है- नमस्ते अंकल, नमस्ते आंटी। मेरा नाम है लड़की। मैं ना आप कैमरा के पीछे वाले जादूगरों की बहुत बड़ी फैन हूं। डारेक्टर अंकल, प्रोड्यूसर आंटी...। इसके बाद वह ताली बजाती है और चेहरे पर कई सारे चोट के निशान दिखाई देते हैं। वह रोती है और डरी-सहमी सी दिखाई देती है। लड़की वीडियो में कहती है- इतनी अश्लीलता कहां से लाते हैं आप लोग? न मेरे शरीर की कोई रिस्पेक्ट, न मेरे मन का कोई मोल, बस गंदगी में लिपटे हुए निरर्थक शब्द और निर्वस्त्र दृश्य... इसे कहते हैं आप कंटेंट?







### कंटेंट क्रिएटर नहीं बल्कि बेटियों के किलर हैं आप


लड़की आगे कहती है- आप तो देखने वाले अपराधियों को उकसाकर चले जाते हैं। पर बलि चढ़ती है हम बेटियां। तीन साल की, आठ साल की, 12 साल की बेटियां। एक मिनट आपके घर में भी तो बेटियां होगी ना? तो आप ऐसा क्यों करते हैं? साफ सुथरा कंटेंट सोशल मीडिया और ओटीटी पर बनाते ही हैं लोग। सब देखते हैं। तो आप ऐसा क्यों करते हैं.. पैसे के लिए ना? कैसे-कैसे शब्द लिखते हैं आप? कैसे-कैसे कॉस्ट्यूम्स, कैसे-कैसे सीन्स, शर्म नहीं आती? दया नहीं आती? आप तो अपनी फिल्म दिखाकर निकल लेते हैं। लेकिन आज सुनिए। देश के दुश्मन हैं आप लोग। कंटेंट क्रिएटर नहीं बल्कि बेटियों के किलर हैं आप। देश के विलन हैं आप लोग। हम लड़कियों की रिक्वेस्ट है। प्लीज प्रोवोकेटिव और अश्लील फिल्म बनाना बंद कीजिए। प्लीज अपनी स्क्रिप्ट और डायरेक्शन बदलिए। सोशल मीडिया और ओटीटी हमारा शोषण करने के लिए नहीं है।

### विवेक अग्निहोत्री की लोगों ने उधेड़ी बखिया

अब इस वीडियो के बाद लोगों ने विवेक अग्निहोत्री की बखिया उधेड़ दी। उन्होंने ऐसे-ऐसे वीडियो शेयर किए। उनकी पुरानी पोस्ट्स शेयर कीं, जिसके बाद तो उनकी फजीहत हो गई। कुछ ने उनकी फिल्म हेट स्टोरी का टॉपलेस पोस्टर शेयर किया तो कुछ ने उनका पुराना वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा है- आप पूरी तरह से आर्टिस्ट नहीं हैं जब तक आपने अपनी फिल्मों में एरॉटिका को नहीं दिखाया। किसी महिला के शरीर को सेलिब्रेट करने में क्या बुराई है। इस दुनिया में सबसे खूबसूरत है एक फिल्ममेकर के लिए, एक फोटोग्राफर के लिए दो नग्न शरीर को साथ में शूट करना। प्यार दिखाना। अब आपको अलग तरह से इस बारे में पढ़ाया-सिखाया गया है। आपके परिवार, स्कूल और सोसाइटी ने अलग ढंग से इस बारे में बताया है तो इसका मतलब ये नहीं कि मैं भी वैसा ही देखूंगा। मैं इसमें सुंदरता देखता हूं और आप शॉक्ड हो जाते हो।

# सलमान के बर्थडे पर घर के बाहर उमड़ी फैंस की भीड़ भाईजान ने बालकनी में आकर किया सलाम

**मुंबई, एजेंसी।** सलमान से मिलने को गैलेक्सी के बाहर भारी भीड़ सलमान ने बालकनी में आ फैंस का अभिवादन किया सलमान खान के फैंस लंबे समय से उनकी फिल्म टाइगर 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने हर बर्थडे पर दबंग खान फैंस को हमेशा ही स्पेशल तोहफा देते हैं। इस बार भी सलमान ने फैंस को तोहफा दे ही दिया। सलमान खान का 27 दिसंबर को 57वां बर्थडे था और इस मौके पर एक्टर ने अपने घर की बालकनी में आकर फैंस को झलक दिखलाई। वह पिता सलीम खान के साथ अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में आए और हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। बर्थडे पर Salman Khan की एक झलक पाने को फैंस की भारी भीड़ कई घंटों से इंतजार कर रही थी। बुरी तरह जाम लग गया था और पुलिस भी भीड़ को काबू करने पाने में नाकाम हो रही थी। ऐसे में सलमान सिर्फ चंद सेकेंड के लिए ही बालकनी में आए और फैंस से मिलकर चले गए। देश के कोने-कोने से फैंस की भारी भीड़ अपने हीरो सलमान को बर्थडे विश करने गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंची थी। सलमान खान की भांजी अयात का प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन काफी धमाकेदार रहा। क्रिसमस थीम पर बेस्ड इस पार्टी में बॉलीवुड के जाने- माने सितारों ने अपने



बच्चों संग खूब मस्ती की। सलमान की बहन अर्पिता और आयुष शर्मा ने अयात के प्री- बर्थडे सेलिब्रेशन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। सलमान खान के फैंस भी जानते हैं कि भाईजान अपनी लाडली भांजी अयात पर जान छिड़कते हैं। ऐसे में इस पार्टी में तमाम स्टार्स को परिवार संग न्योता भेजा गया। अयात की बर्थडे पार्टी में रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा अपने दोनों बेटों संग मौजूद रहे। इस जोड़ी में पपाराजी के सामने जमकर पोज भी दिए। सलमान खान इन दिनों मुंबई से बाहर हैं। लेकिन अयात को मामू की कमी ना खले इसलिए उनके दोनों भाई, अरबाज और सोहेल अपनी भांजी के बर्थडे में मौजूद रहे।

## सलमान के लिए रो पड़ी एक फैन

सलमान की एक फैन तो ऐसी थी जो केरल से आई थी और वह सलमान के लिए रो पड़ी। इससे पहले सलमान ने 26 दिसंबर की शाम अपने घर पर एक शानदार बर्थडे पार्टी रखी, जिसमें दोस्त शाहरुख खान के अलावा कई बॉलीवुड सेलेब्स और करीबी दोस्त शामिल हुए। बर्थडे पार्टी की कई तस्वीरें और अनदेखे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सलमान की बर्थडे पार्टी में उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी के अलावा दोस्त यूलिया वंतूर, बाबा सिद्दीकी, सुनील शेट्टी और रितेश देशमुख व जिनिलिया नजर आईं।

## इन फिल्मों में नजर आएंगे सलमान खान

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो सलमान खान टाइगर 3, पठान और किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। टाइगर 3 10 नवंबर 2023 में रिलीज होगी, जबकि पठान 25 जनवरी 2023 में रिलीज होगी। शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म में सलमान एक कैमियो में नजर आएंगे।

# ई-स्पोर्ट्स को मिली मान्यता, भारत सरकार ने किया ऐतिहासिक फैसला



**नई दिल्ली,ईएमएस।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक मान्यता देकर देश की प्रमुख खेल विधाओं में शामिल कर लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान की धारा 77 के प्रावधान तीन में मिले अधिकारों का प्रयोग करके ई स्पोर्ट्स से संबंधित नियमों में बदलाव किया और सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स और खेल मंत्रालय से ई-स्पोटर्स को बहु खेल आयोजनों में शामिल करने के लिये कहा। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में ई खेलों को नुमाइशी खेल के रूप में शामिल किये जाने के बाद से इसे बहु खेल आयोजन का हिस्सा बनाने की मांग उठ रही थी। राष्ट्रपति की अधिसूचना (23 दिसंबर को जारी) के बाद आई टी मंत्रालय आनलाइन गेमिंग संबंधी मसलों पर नोडल एजेंसी होगा और खेल मंत्रालय को अपने विषयों में इसे शामिल करना होगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति भी ई खेलों को बढ़ावा दे रही है और इसी कवायद में अगले साल जून में सिंगापुर में पहला ओलंपिक ई स्पोर्ट्स सप्ताह भी मनाया जायेगा। भारतीय डीओटीए टू टीम ने बर्मिंघम में अगस्त में हुई पहली राष्ट्रमंडल ई खेल चैम्पियनशिप में न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता था। अगले साल चीन में होने वाले एशियाई खेलों में ई खेलों का पदार्पण होगा।

## ई-स्पोर्ट्स क्या होता है?

ई-स्पोर्ट्स का इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स है। जिसका हिंदी अर्थ इलेक्ट्रॉनिक खेल है। eSports में इलेक्ट्रॉनिक खेल शामिल हैं। एक तरह से हम इसे डिजिटल गेम भी कह सकते हैं। एक खेल जिसमें मल्टीप्लेयर खिलाड़ी एक साथ खेल सकते हैं, ई-स्पोर्ट बन सकता हैं।



## साज की शास्त्रीय नृत्य पर शानदार प्रस्तुति ने मोहा

जबलपुर, यशभारत। भंवरताल गार्डन कल्चरल स्ट्रीट में चल रहे दैनिक भास्कर के फैमिली फंन फेस्ट के दौरान यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला की भतीजी व अजय शुक्ला की सुपुत्री साज शुक्ला द्वारा शास्त्रीय नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसे देखकर श्रोता मंत्रमुग्ध होठ है और कलाकारों के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आरडीयू का 34 वां दीक्षांत समारोह

# दोनों पैर से दिव्यांग शैतान सिंह को मिली राजनीति शास्त्र में उपाधि

**स्वर्ण पदक- 82 पर 51 विद्यार्थियों को मिले** | **शोध उपाधि- 204 डी,लिट- एक**





**जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 34वां दीक्षा समारोह पं.कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में शुरू हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव अभ्यार्थियों को शोध उपाधि और स्वर्ण पदक का वितरित किए।**

राज्यपाल मंगुभाई पटैल तय कार्यक्रम में आनलाइन वर्चुअली जुड़े। दोनों पैर से दिव्यांग कटनी निवासी शैतान सिंह भी शोध उपाधि लेने आए है। इन्हें राजनीतिशास्त्र विषय में शोधकार्य के लिए उपाधि दी गई। दिव्यांग होने की वजह से शैतान सिंह को व्हीलचेयर पर मंच के पीछे से विशेष रूप से ले जाया गया।

### अंकित पटेल और खुशबू कौरव को छह-छह स्वर्ण पदक मिले

दीक्षा समारोह में अंकित पटेल और खुशबू कौरव को छह-छह स्वर्ण पदक मिले । अंकित जहां सिविल सर्विस में जाना चाहते हैं, वहीं खुशबू कौरव को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान कायम कर रही है। डीएन जैन कालेज के बीएससी के विद्यार्थी अंकित पटेल को छह गोल्ड मिल रहा है। अंकित ने बताया वह सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा है। अंकित के मुताबिक शिक्षकों के सहयोग यह सफलता हासिल की। अंकित भारतीय डाक विभाग में डाकपाल के पद पर है। अंकित ने कहा कि शिक्षक खुशबू विश्नोई और संतोष चौरसिया उसे गणित विषय में बहुत सहयोग दिया। जिस वजह से ये सफलता मिली।एमएससी जूलाजी में खुशबू कौरव को छह गोल्ड मिले है। वे महाराणा प्रताप पीजी कालेज गाडरवारा की छात्रा रही है। खुशबू ने बताया कि उन्हें आगे पीएचडी करनी है और शिक्षा के क्षेत्र में नया मुकाम बनाना है। छह गोल्ड पाने को लेकर खुशबू उत्साहित है। उनके अनुसार में पहले शिक्षक थी अब शोध पूरा करने के लिए शिक्षण कार्य करना चाहती है।

### पत्नी के मरणोपरांत पति को उपाधि

एड.संजीव उपाध्याय अपनी पत्नी आराधना उपाध्याय 51 साल के देहांत के पश्चात खुद शोध उपाधि लेने आए। आराधना की एजुकेशन में उपाधि मिल रही है। पहली बार प्रशासन ने उन्हें सम्मान लेने की अनुमति ली है। पिछले माह 17 नवंबर 2022 को आराधना की ब्रेन हेमरेज की वजह से मौत हुई थी। पति संजीव ने बताया की आराधना की ख्वाहिश थी की दीक्षा समारोह में उन्हें उपाधि मिले। आराधना इससे पहले वनस्पति शास्त्र 1998 में शोध उपाधि ले चुकी है।

### शिक्षण संस्थान एवं विश्वविद्यालय समाज की बौद्धिक संपदा के संवाहक होते : उच्च शिक्षा मंत्री

शिक्षण संस्थान एवं विश्वविद्यालय समाज की बौद्धिक संपदा के संवाहक होते हैं।यही से समाज की श्रेष्ठता एवं उर्जा निर्मित होती है।यहां से सुशिक्षित होने वाले विद्यार्थी अपने ज्ञान से समाज को न केवल दिशा प्रदान करते हैं अपितु नैतिक मूल्यों से उसको नियंत्रित करने की भी क्षमता रखते हैं।हमारा देश प्राचीनकाल से ही आध्यात्मिक ज्ञान एवं दर्शन का गुरू रहा है।यहां पर विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालय तक्षशिला एवं नालंदा प्रतिष्ठित थे और दुनियाभर से आने वाले विद्यार्थियों व जिज्ञासुओं को शिक्षा प्रदान करते थे।इस महान देश में आज भी यह परंपरा चली आ रही है।यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थी न केवल भारत में विविध क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं, अपितु विदेश में भी जाकर अपने ज्ञान और विज्ञान से देश को गौरवाविंत कर रहे हैं।उक्त विचार डॉ. मोहन यादव मंत्री उच्च शिक्षा ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) के 34 वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कहीं।

# कटंगी बायपास में युवक और किशोर की दर्दनाक मौत

## 13 दिन बाद प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** कटंगी बायपास के पास पिकअप वाहन ने 17 दिसंबर शनिवार रात मोपेड सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक और किशोर को गंभीर चोटें आई और दोनों की मौत हो गई। जिसके बाद 13 दिन बाद पुलिस ने मर्ग जांच कर 304 ए का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। माढ़ोताल थाना प्रभारी रीना पांडे ने बताया कि माढ़ोताल के आईटीआई स्थित नई बस्ती में रहने वाला हर्ष पटेल (20) साथी बरगी के ग्राम पिपरिया निवासी 17 वर्षीय के साथ शनिवार रात लगभग आठ बजे कटंगी बाइपास की तरफजा रहे थे। युवकों ने बाजू में चल रही पिकअप एमपी 04 जीए 0356 को ओवर टेक किया, इस दौरान पिकअप के चालक ने पिकअप की रफ्तार बढ़ा दी और पिकअप सीधे मोपेड से जा टकराई। टक्कर लगते ही बाइक सवार हर्ष और साथी किशोार सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। इधर पिकअप सड़क पर बहकी और एक कार से जा टकराई। थाना प्रभारी ने बताया कि मोपड कौन चला रहा था यह साफ नहीं हुआ है लेकिन हर्ष पटेल को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हुई। वहीं किशोर की मौके पर मौत हो गई। जिस वजह से उसके शव को सीधे मेडिकल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मामले में मर्ग जांच कर पिकअप सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# डीपीसी आरपी चतुर्वेदी को हटाया

## डाइट में पदस्थ प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी को योगेश शर्मा बने डीपीसी

**जबलपुर, यशभारत।** लंबे समय से जिला परियोजना समन्वयक की जिम्मेदारी संभाल रहे आरपी चतुर्वेदी को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर डाइट प्रशिक्षण संस्थान में पदस्थ प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा को डीपीसी बनाया गया है। योगेश शर्मा ने आज पदभार संभालते हुए कलेक्टर से मुलाकात की। नवागत डीपीसी योगेश शर्मा ने बताया प्राइवेट और सरकारी स्कूल के बीच जो अंतर है उसको समाप्त करना है। शैक्षणिक व्यवस्थाएं पटरी में लाने के साथ प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों को प्रत्येक विद्या में निपुण बनाना पहला लक्ष्य होगा।



### स्टाफ और शिक्षकों से समन्वय बनाकर काम करना होगा

नवागत डीपीसी योगेश शर्मा ने बताया कि इससे पहले वह अन्य जिलों में जिला परियोजना समन्वयक की जिम्मेदारी संभाल चुकें है और कार्यालय स्टाफ-शिक्षको से समन्वय बनाकर काम करना पहली प्राथमिकता रहेगी। शिक्षकों की जो समस्या कार्यालय स्तर की होगी उसको दूर किया जाएगा साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग की सारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक ढंग से हो इसमें विशेष जोर दिया जाएगा।

डीपीसी योगेश शर्मा ने कहा कि रूके हुए सारे निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा, स्कूलों का निरीक्षण कर पता लगाया जाएगा कहां पर कौन से निर्माण कार्य रूके हुए हैं। साथ ही गणवेश से लेकर साइकिल वितरण कितना हुआ इस बारे में जन शिक्षक सहित तमाम अधिकारियों से पता लगाया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि अगर लापरवाही करने वालों को बख्शा भी नहीं जाएगा।

### चेहरे पर चाकू से हमला कर घायल किया

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के मदार छल्ला में चाय पीकर घर जा रहे एक युवक को बीच रास्ते रोककर आरोपी ने रंजिशन गालीगलौच की। जब पीड़ित ने विवाद करने से मना किया तो आरोपी ने आव देखा ना ताव और चाकू से आंख और गाल में हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं आरोपी मौके से फरार है।

### श्री अशोक छनिया का निधन



**जबलपुर,।** संचार नगर साई कॉलोनी निवासी स्वर्गीय प्यारेलाल छनिया के पुत्र एवम विजय छनिया के भाई श्री अशोक छनिया का गत रात्रि हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है। आप सराफा एसोसिएशन जबलपुर के कार्यकारिणी सदस्य अभय कुमार छनिया के पिता थे। महेंद्र छनिया, अजय व रविकांत छनिया के चाचा थ। आप सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ मार्गदर्शक और पूर्व चुनाव अधिकारी थे। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्ति धाम में हुआ।





































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)